# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार, 16 सितंबर 2025















## खबर संक्षेप

### संसद भवन की सुरक्षा और होगी तगड़ी

**नई दिल्ली।** संसद भवन परिसर की सुरक्षा अब और भी चाक-चौबंद होने जा रही है। संसद भवन के चारों ओर की बाहरी परिधि में न सिर्फ विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी बल्कि वहां बिजली युक्त बाड़ भी लगायी जाएगी। इतना ही नहीं, इस सुरक्षा कवच को और मजबूत बनाने के लिए परिसर को अत्याधुनिक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क और घुसपैठ का पता लगाने वाली उन्नत प्रणाली से भी लैस किया जाएगा। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की चौकस निगाहें भी परिसर की हर गतिविधि पर चौबीसों घंटे नजर रखेंगी।

### वैधता को चुनौती : सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम फैसले से सभी पक्ष खुश

# वक्फ कानून बरकरार

## तीन सदस्य गैर-मुस्लिम हो सकेंगे लेकिन नहीं होगी पांच साल की शर्त

**वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया। हालांकि वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर कोर्ट ने आंशिक संशोधन और एक पर पूर्ण रोक भी लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम पूरे वक्फ कानून पर रोक नहीं लगा रहे हैं। हम नए कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा रहे हैं। सीजेआई ने कहा कि हम वक्फ करने के लिए 5 साल तक इस्लाम में ईमान रखने यानी इस्लामिक प्रैक्टिस की न्यूनतम अवधि की अनिवार्यता पर रोक लगा रहे हैं। वक्फ बोर्ड में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इस विवादास्पद मुद्दे पर 128 पन्नों के अपने अंतरिम आदेश में कहा, पूर्व धारणा हमेशा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप केवल दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों में किया जा सकता है। पीठ ने कहा, हमें ऐसा नहीं लगता कि पूरे कानून के प्रावधानों पर रोक का कोई मामला बनता है। इसलिए, अधिनियम पर रोक के अनुरोध को खारिज किया जाता है। हालांकि, पक्षों के हितों की रक्षा और बैलेंसिंग द इक्विटीज के लिए, न्यायालय ने जिलाधिकारी को वक्फ संपत्तियां तय करने के लिए दी गई शक्तियों सहित कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी तथा वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम भागीदारी के मुद्दे पर आदेश जारी किया। 'बैलेंसिंग द इक्विटीज' वह कानूनी सिद्धांत है, जिसके तहत न्यायालय विवाद में शामिल सभी पक्षों के संभावित लाभ और हानि के साथ-साथ व्यापक सार्वजनिक हितों को भी ध्यान में रखता है, ताकि यह निर्णय लिया जा सके कि निषेधाज्ञा जैसी न्यायसंगत राहत प्रदान की जाए या नहीं। पीठ ने केंद्रीय वक्फ परिषद को निर्देश ⏭ शेष पेज 6 पर

खास खबर

### क्या है खास

- धारा 3(1)(आर) के उस प्रावधान पर रोक लगाई, जिसके अनुसार कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाला व्यक्ति ही वक्फ बना सकता है।
- यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक राज्य सरकार यह निर्धारित करने के लिए नियम नहीं बना लेती कि इस तरह की प्रथा का सत्यापन कैसे किया जाएगा।
- शीर्ष अदालत ने वक्फ संपत्ति जांच के प्रावधानों पर आंशिक रूप से रोक लगा दी, जिसका अर्थ था कि किसी संपत्ति को केवल नामित अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर गैर-वक्फ नहीं माना जा सकता।
- केवल ऐसी रिपोर्टों के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड और बोर्ड रिकॉर्ड में बदलाव नहीं किया जाएगा।




### केंद्रीय वक्फ परिषद में 4 गैर मुस्लिम सदस्य

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिमों के प्रतिनिधित्व की सीमा तय कर दी। उसने कहा कि 22 सदस्यीय केंद्रीय वक्फ परिषद में अधिकतम चार गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं। उसने कहा कि 11 सदस्यीय राज्य वक्फ बोर्डों में अधिकतम तीन गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं।

### मुस्लिम सीईओ पर कही यह बात

कोर्ट ने धारा 23 पर रोक नहीं लगाई, जो सीईओ को पदेन सचिव के रूप में नियुक्त करने से संबंधित है। हालांकि, उसने कहा कि जहां तक संभव हो, सीईओ की नियुक्ति मुस्लिम समुदाय से की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि ये निर्देश अंतरिम प्रकृति के हैं और अंतिम चरण में संशोधित प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर बहस या निर्णय को प्रभावित नहीं करेंगे।

### सरकार ने किया स्वागत, विपक्ष ने कहा- 'विकृत मंशा' नाकाम

विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इसने संशोधित कानून के पीछे छिपी 'विकृति मंशा' को काफी हद तक नाकाम कर दिया है। सरकार ने भी फैसले का स्वागत किया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधान पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए लाभकारी हैं। कई मुस्लिम संगठनों ने न्यायालय के आदेश का स्वागत किया। हालांकि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने निराशा जताई और कहा कि व्यापक संवैधानिक चिंताओं का समाधान नहीं करने के कारण कई प्रावधानों का दुरुपयोग होगा जबकि इस पूरे कानून को ही निरस्त करने की जरूरत है। वक्फ विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख रहे भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि कोर्ट ने अपने फैसले से संसद द्वारा पारित कानून पर मुहर लगा दिया है।

## हरिभूमि-आईएनएच का रियल एस्टेट कॉनक्लेव...सृजन संवाद 20 को








### दो सत्रों में होगा आयोजन, उपमुख्यमंत्री साव करेंगे उदघाटन, समापन समारोह में वित्त मंत्री चौधरी रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि-आईएनएच द्वारा सृजन संवाद कार्यक्रम की श्रृंखला में रियल एस्टेट कॉनक्लेव-2025, सृजन संवाद का आयोजन 20 सितंबर, शनिवार को सायाजी होटल वीआईपी चौक रायपुर में शाम 5 बजे आयोजित किया जा रहा है। आयोजन में उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे करेंगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मोतीलाल साहू मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि वित्त एवं आवास पर्यावरण, योजना एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु खुशवंत सिंह साहेब मंत्री कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास विभाग करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के









रूप में विधायक अनुज शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान रियल एस्टेट से जुड़े लोग भी हिस्सा लेंगे। सृजन संवाद में छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट, प्रदेश की आधारभूत संरचना पर संवाद होगा। छत्तीसगढ़ के विकास में रियल एस्टेट की वर्तमान भूमिका और भविष्य पर मंथन किया जाएगा। कॉनक्लेव न केवल संवाद का मंच बनेगा बल्कि छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि-आईएनएच द्वारा इससे पूर्व शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय को लेकर सफल एवं उपयोगी सवांद कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ और उस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया था।

### एसआईटी वनतारा के कामकाज से संतुष्ट

# वनतारा को मिली सुप्रीम कोर्ट की क्लीन चिट, केस खारिज

## मानहानि का मुकदमा करने को स्वतंत्र है वनतारा – सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीमकोर्ट ने वनतारा पर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे क्लीन चिट दे दी है। शीर्ष अदालत, गुजरात के जामनगर में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा संचालित वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर) की जाँच की माँग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। वनतारा पर जो आरोप लगाए गए थे, भविष्य में वैसे ही आरोपों पर की गई शिकायतों या कार्यवाही पर भी शीर्ष अदालत ने कुछ शर्तों के साथ रोक लगा दी है। वनतारा और संबंधित अधिकारियों को एसआईटी द्वारा सुझाए गए उपायों पर विचार करने और उन्हें लागू करने का निर्देश भी कोर्ट ने दिया। इससे पहले मामले की जाँच कर रही सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त एसआईटी ने भी अपनी रिपोर्ट में जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी थी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि वनतारा में अनुपालन और नियामों की पालना के मुद्दे को लेकर एसआईटी संतुष्ट है।एसआईटी की रिपोर्ट को सीलबंद करके, गोपनीय रखने का आदेश कोर्ट ने दिया। हालांकि वनतारा को उसके अपने उपयोग के लिए इसकी प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। शीर्ष कोर्ट ने एसआईटी की जांच के निष्कर्षों को गोपनीय नही माना। कोर्ट ने कहा कि "हम प्रतिवादी - वनतारा को किसी भी आपत्तिजनक प्रकाशन को हटाने या गलत सूचना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने या मानहानि के लिए कार्रवाई करने की स्वतंत्रता देते हैं।

" कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर-सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। पिछले माह 25 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी गठन का आदेश दिया था। एसआईटी ने शुक्रवार को सीलबंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी थी।''

'' कोई भी इस तथ्य से इंकार नहीं कर सकता कि न्यायमूर्ति चेल्लमेश्वर हमारे समय के सबसे बड़े न्यायविद हैं। उन्हें राजनीतिक वर्ग और अन्य सभी के दबावों और खींचातानी से अप्रभावित देखा गया है। वे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखे जाते हैं जिनके पास दिल है, जो तर्क की आवाज़ हैं और जो धारा के विपरीत तैरने से भी नहीं डरते। वे असहमति की सबसे मज़बूत ताकत और असहमत लोगों की सबसे बड़ी आशा हैं। जब वे किसी विषय पर अपनी राय रखते हैं, तो वे ऐसा नैतिक साहस के साथ करते हैं, जो आज के समय में बहुत कम लोगों के पास है। जब उन्होंने वंतारा में भी कोई गलती नहीं पाई, तो यह न केवल सबसे कट्टर आलोचकों को भी आश्वस्त करना चाहिए बल्कि उन्हें हमेशा के लिए चुप करा देना चाहिए। ''

**पृष्ठभूमि**

* दो रिट याचिकाओं में वनतारा (ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं राधे कृष्णा टेंपल एलीफ़ेंट वेलफ़ेयर ट्रस्ट) में अवैधताओं और अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे।
* इससे पहले (25.08.2025) न्यायालय ने कोई ठोस प्रमाण नहीं पाया था, लेकिन गंभीरता को देखते हुए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में तथ्यान्वेषी जाँच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया।

**एसआईटी जाँच**

* SIT ने कई भारतीय एवं विदेशी संस्थाओं (CZA, CBI, ED, DRI, कस्टम्स, CITES निकाय आदि) के साथ समन्वय किया।
* अभिलेखों, हलफ़नामों, स्थल निरीक्षण, विशेषज्ञ राय और व्यक्तिगत सुनवाई की जाँच की।
* पशु अधिग्रहण, तस्करी, अवैध लेन-देन, पशु कल्याण, संरक्षण, वित्तीय अनियमितताओं और पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित आरोपों की जाँच की।

**मुख्य निष्कर्षः**

1. कोई कानूनी उल्लंघन नहीं:
* वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, ज़ू नियम, CZA दिशा-निर्देश, कस्टम्स अधिनियम, FEMA, PMLA या CITES का कोई उल्लंघन नहीं पाया गया।
* सभी अधिग्रहण और आयात विधिवत अनुमति प्राप्त एवं दस्तावेज़ित पाए गए।

**वनतारा अर्थात जंगल का तारा :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्थापित एक पशु बचाव, देखभाल और पुनर्वास पहल है । यह भारत के गुजरात के जामनगर जिले के मोतीखावड़ी गाँव में 3,500 एकड़ की हरित पट्टी में स्थित है । इस परियोजना को आधिकारिक तौर पर 26 फरवरी 2024 को लॉन्च किया गया था और बाद में 4 मार्च 2025 को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था।






2. पशु कल्याण एवं सुविधाएँ:
* वनतारा की सुविधाएँ कल्याण, प्रबंधन एवं पशु-चिकित्सा देखभाल के निर्धारित मानकों से बेहतर पाई गईं।
* मृत्यु दर वैश्विक प्राणी उद्यानों के औसत के अनुरूप पाई गई।
* ग्लोबल ह्यूमेन सोसाइटी द्वारा "ग्लोबल ह्यूमेन सर्टिफ़ाइड™ सील ऑफ़ अप्रूवल" प्रदान किया गया।
3. वित्तीय आरोप:
* कार्बन क्रेडिट, पानी या मनी लॉन्ड्रिंग के दुरुपयोग के दावे निराधार पाए गए।
* धन के प्रवाह में कोई अनियमितता या तस्करी से संबंध नहीं पाया गया।
4. बार-बार की जाने वाली शिकायतें:
* न्यायालय ने नोट किया कि वनतारा के विरुद्ध बार-बार इसी तरह के आरोप लगाए गए, जिनका कोई आधार नहीं निकला।
* ऐसी अटकलों पर आधारित याचिकाओं को प्रक्रिया का दुरुपयोग माना गया।

**न्यायालय के निर्देश :**

* SIT की रिपोर्ट सीलबंद की गई; वंतारा को आंतरिक उपयोग हेतु पूर्ण प्रति दी जाएगी।
* SIT रिपोर्ट का सार गोपनीय नहीं है और न्यायालय के आदेश का हिस्सा है।
* अनुसूची A में उल्लिखित सभी शिकायतें/याचिकाएँ समाप्त मानी जाएँगी।
* समान आरोपों पर भविष्य में किसी भी मंच पर कोई नई शिकायत स्वीकार नहीं की जाएगी।
* वनतारा एवं संबंधित प्राधिकरणों को SIT द्वारा सुझाए गए उपायों को लागू करना होगा।
* वनतारा मानहानिकारक प्रकाशनों के विरुद्ध कानूनी उपाय कर सकता है।
* SIT सदस्यों (सेवारत IRS अधिकारी को छोड़कर) को उनके कार्य हेतु मानदेय प्रदान किया गया।

**निष्कर्षः**

सुप्रीम कोर्ट ने SIT की जाँच को पूर्णतः स्वीकार करते हुए मामलों को बंद कर दिया और समान मुद्दों पर बार-बार मुकदमेबाज़ी पर रोक लगा दी। न्यायालय ने वनतारा के कल्याण मानकों और संरक्षण प्रयासों की प्रशंसा की और निराधार आरोप लगाने के प्रति सावधान किया।





शहर के मेलाभाटा स्थल से गायब युवक को तेंदुआ ले जाने की खबर सुबह से सोशल मीडिया में वायरल हुई। वन विभाग भी मौके पर पहुंचा, वहाँ पर दुर्गा पंडाल सजा रहे युवकों ने वन विभाग को बताया कि एक युवक यहीं पर रहता था, परंतु रात से गायब है। तेंदुआ आता रहता है। शायद तेंदुआ उठाकर ले गया होगा।

# युवक गायब, तेंदुआ के ले जाने की आशंका पर खोजबीन की गई शुरू

## गढ़िया पहाड़ पर गायब युवक की खोजबीन में डटा रहा वन अमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

इस घटना को किसी ने अपने आँखो से नहीं देखा है। सोशल मीडिया में चली खबर के बाद वन विभाग का अमला दोपहर से गढ़िया पहाड़ पर गायब युवक की खोजबीन में डटी रही।

मुहल्लेवासियों ने बताया कि एक युवक यहीं पर पेड़ के चबूतरा में रहता था। अचानक 15 सितंबर की सुबह से किसी को नहीं दिखाई दिया। युवक के अचानक गायब होने पर मुहल्लेवासियों ने एक दूसरे से पतासाजी किया, परंतु किसी भी तरह की खबर नहीं मिलने पर मुहल्लेवासियों ने आशंका जताया कि रात को कहीं इधर आने वाले तेंदुआ ने उसका शिकार तो नहीं कर लिया। मुहल्लेवासियों की इस आशंका को कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर तेंदुआ युवक को उठाकर ले गया वायरल कर दिया, उसके बाद से इसकी खबर वन विभाग को दिया गया।

### आसपास नहीं खून के धब्बे

सोशल मीडिया में वायरल हुई जानकारी के बाद वन विभाग का अमला मौके पर पहुँचा। युवक जिस जगह रहता था, वहाँ पर किसी भी तरह के तेंदुआ के निशान नजर नहीं आए। वन विभाग के अमले का कहना है कि तेंदुआ उठाकर ले गया होता तो आसपास कहीं खून के धब्बे होते, परंतु कहीं पर भी खून भी नजर नहीं आया है, उसके बाद भी वन विभाग का अमला दोपहर से पूरे गढ़िया पहाड़ में खोजबीन किया, परंतु कुछ सबूत नहीं मिले। वन विभाग की टीम समाचार लिखे जाने तक डटी रही। डॉग के माध्यम से गढ़िया पहाड़ पर गायब युवक की तलाश वन विभाग करता रहा, परंतु कुछ साक्ष्य नहीं मिल पाया।





### ट्रैप कैमरे भी लगाए जा रहे

कांकेर रेंज के परिक्षेत्र अधिकारी धनलाल साहू ने बताया कि सोशल मीडिया में वायरल हुई जानकारी के बाद मेलाभाटा में पहुँचा। दुर्गा पंडाल सजा रहे युवकों ने आशंका जताई, उसी के तहत हमारी टीम दोपहर से अभी तक खोजबीन में लगी रही। संभावित स्थानों पर ट्रैप कैमरा लगाया जा रहा है। तेंदुआ कल आया होगा, तो दुबारा अवश्य आएगा, उसी के बाद सही तस्वीर स्पष्ट हो पाएगी।

## खबर संक्षेप

### देशभर के व्यापारिक संगठनों की नागपुर में राष्ट्रीय बैठक

**रायपुर।** नागपुर में देशभर के व्यापारिक संगठनों की राष्ट्रीय बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में देशभर के शीर्ष व्याापारी नेता शामिल हुये। छत्तीगसढ़ से व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ। इस मौके पर वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अभियान सहित व्यापारिक मुद्दों पर अहम चर्चा की गयी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधिमंडल नागपुर में आयोजित बैठक में शामिल हुआ। देशभर के व्यापारियों की राष्ट्रीय बैठक में जीएसटी में हुए ऐतिहासिक बदलाव, वोकल फॉर लोकल तथा व्यापारियों से जुड़े अन्य अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि भारत के छोटे व्यापारी ही असली राष्ट्रनिर्माता हैं, जो देश के हर कोने तक वस्तुएं पहुंचाते हैं। आत्मनिर्भर भारत का वास्तविक स्वरूप तभी साकार होगा जब वर्ष 2047 तक भारत पूरी तरह स्वदेशी को अपनाएगा। हमें अपने व्यापार तंत्र को मजबूत करने के लिए 'स्वदेशी अपनाओ, भारत बनाओ' के मंत्र को संकल्पपूर्वक आगे बढ़ाना होगा। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, आज आवश्यकता इस बात की है कि छोटे व्यापारियों को सशक्त किया जाए और तकनीक को स्वदेशी प्रथाओं के साथ जोड़ा जाए, ताकि भारतीय व्यापारी आत्मविश्वास के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकें। डिजिटल युग में साइबर इंश्योरेंस अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि व्यापार समुदाय के लिए एक अनिवार्य सुरक्षा कवच है।

### मुख्यमंत्री ने कहा- 20 महीने में 10 हजार सरकारी नौकरी दी जा चुकी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी की भर्तियां लगातार निकल रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दावा है कि पिछले 20 महीने में यानी जब से वे सत्ता में हैं, तब से लेकर आज तक 10 हजार सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। वहीं आने वाले दिनों में राज्य में हजारों शिक्षकों की भर्तियां भी होने जा रही हैं। उद्योग-धंधों को लेकर भी सरकार प्रयासरत है। इनके माध्यम से भी रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को संवाददाताओं से चर्चा में कहा, हमारी सरकार को अभी 20 महीने हुए हैं और अभी तक हम कह सकते हैं कि हमने 10 हजार शासकीय नौकरियां दी हैं। लगातार भर्तियां चल रही हैं। अभी पांच हजार शिक्षकों की भी भर्ती होगी। उसी में अभी 700 प्राध्यापक और सह-प्राध्यापकों की नियुक्ति का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। हम लोग लगातार हमारे प्रदेश के जो बेटा-बेटी हैं, उन्हें शासकीय नौकरी भी देंगे और नई उद्योग नीति लाए हैं। उसके माध्यम से नए उद्योग-धंधे भी स्थापित हो रहे हैं। हम रोजगार को विशेष महत्व दे रहे हैं। उससे भी हमारे बेटा-बेटियों को रोजगार मिलेगा।

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में राज्य सैनिक बोर्ड की बैठक में हुआ फैसला

# परमवीर चक्र प्राप्त वीर जवानों को एक करोड़, शहीद के आश्रितों को 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

युद्ध तथा सैनिक कार्रवाई में शहीद सैनिकों की पत्नी अथवा उनके आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि में वृद्धि करते हुए इसे 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपए कर दिया गया है। इसके साथ ही युद्ध तथा सैनिक कार्रवाई में विभिन्न वीरता अलंकरण प्राप्त जवानों को दी जाने वाली राशि में भी वृद्धि की गई है। अब परमवीर चक्र प्राप्त वीर जवानों को 40 लाख रुपए की जगह 1 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। यह महत्वपूर्ण निर्णय सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य सैनिक बोर्ड की बैठक में लिया गया।

- युद्ध और सैनिक कार्रवाई में शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलेंगे 50 लाख

मंत्रालय महानदी भवन में मुख्यमंत्री श्री साय की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण विभाग की छठी राज्य सैनिक समिति की बैठक हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमारे सैनिक देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर करते हैं। हम उनके शौर्य और बलिदान को नमन करते हैं। सरकार भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। बैठक में शहीदों की वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए राज्य द्वारा संचालित कई कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, 140 करोड़ देशवासियों की सुरक्षा में हमारे वीर जवान दिन-रात तत्पर रहते हैं।

भारत माँ की सेवा में अपना जीवन अर्पित करने वाले इन वीर सपूतों का कल्याण करना सबका दायित्व और कर्तव्य है। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके परिजनों के हित में सार्थक चर्चा हुई है। बैठक में लिए गए निर्णयों का लाभ भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों तक सीधे पहुंचेगा। भूतपूर्व सैनिकों की बेहतरी के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी सदस्यों द्वारा दिए गए हैं, जिन पर सकारात्मक रूप से विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा।




### अनुग्रह राशि में इजाफा

बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर निर्णय लिये गए। इनमें युद्ध तथा सैनिक कार्रवाई में शहीद (बैटल कैजुअल्टी) सैनिकों की पत्नी अथवा आश्रितों को अनुग्रह राशि 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करना, विभिन्न शौर्य अलंकरण प्राप्त सैनिकों को दी जाने वाली राशि में वृद्धि करना शामिल है। अब परमवीर चक्र प्राप्तकर्ता सैनिक को 40 लाख की जगह 1 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसी प्रकार सैनिकों के माता-पिता को दी जाने वाली जंगी इनाम राशि 5 हजार रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दी गई है। युद्ध तथा सैनिक कार्यवाही में दिव्यांग हुए सैनिकों की अनुदान राशि 10 लाख से बढ़ाकर 30 लाख रुपए कर दी गई है। साथ ही सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को प्रथम भूमि/गृह क्रय करने पर 25 लाख रुपए तक के स्टाम्प शुल्क में छूट देने का निर्णय लिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन ने मुख्यमंत्री को बालवृक्ष भेंट किया। तत्पश्चात सैनिक कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ के संचालक एवं राज्य सैनिक समिति के सचिव ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, विशिष्ट सेवा मेडल (से.नि) ने राज्य सैनिक बोर्ड, छत्तीसगढ़ की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने 13 जनवरी 2012 को आयोजित पांचवीं राज्य सैनिक बोर्ड की बैठक की कार्यवाही विवरण पर प्रगति रिपोर्ट दी और छठी बैठक में सम्मिलित एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा प्रारंभ की। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, मध्य भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत (पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम), अपर मुख्य सचिव गृह विभाग मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, केंद्रीय सैनिक बोर्ड नई दिल्ली के सचिव ब्रिगेडियर डीएस बसेरा (विशिष्ट सेवा मेडल), कमांडर छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा (सेना मेडल), सचिव वित्त विभाग अंकित आनंद, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग अविनाश चंपावत, मेजर जनरल संजय शर्मा (से.नि), विंग कमांडर ए. श्रीनिवास राव (से.नि), विक्रांत सिंह एवं राजेश कुमार पाण्डेय राज्य सैनिक समिति छत्तीसगढ़ के सदस्यगण उपस्थित थे।

## 13 आईएफएस अधिकारियों का तबादला कई जिलों के सीसीएफ बदले

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के 13 भारतीय वन सेवा अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है। प्रशासनिक कसावट लाने के लिए किए गए इस फेरबदल में कई प्रमुख जिलों के मुख्य वन संरक्षकों की जिम्मेदारी बदल दी गई है। इस फेरबदल से कई जिलों में नए अधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया है। बदलाव से विभागीय कार्यों की गति बढ़ेगी और पारदर्शिता आएगी। विभाग द्वारा जारी आदेश पर जिन अफसरों का तबादला किया गया है, उनमें राजेश कुमार चंदेले सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड, नवा रायपुर को मुख्य वन संरक्षक (प्रादेशिक), कांकेर एवं प्रभारी मुख्य वन संरक्षक, कार्ययोजना मंडल, कांकेर के पद पर पदस्थ किया गया है। एस. वेंकटाचलम मुख्य वन संरक्षक (वन मिशन) एवं प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, नवा रायपुर को मुख्य वन संरक्षक (व्यवस्थापन) एवं संचालक, गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व अंबिकापुर के साथ ही प्रभारी मुख्य वन संरक्षक (एलिफेंट), सरगुजा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. के. मैचियो दुर्ग वृत्त को मुख्य वन संरक्षक (परियोजना प्रबंधन, निगरानी एवं मूल्यांकन), नवा रायपुर पदस्थ किया गया है।

### इन जिलों में अफसर बदले गए

माथेश्वरन व्ही. सरगुजा को मुख्य वन संरक्षक (जैव विविधता संरक्षण) नवा रायपुर, एम. मर्सीबेला क्षेत्रीय महाप्रबंधक, राज्य वन विकास निगम, नवा रायपुर को मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग के पद पर पदस्थ किया गया है। मनोज कुमार पांडेय क्षेत्रीय महाप्रबंधक, वन विकास निगम, बिलासपुर को मुख्य वन संरक्षक, बिलासपुर, आलोक कुमार तिवारी अरण्य भवन, नवा रायपुर को प्रभारी मुख्य वन संरक्षक, जगदलपुर, अमिताभ बाजपेयी, सचिवालय को मुख्य वन संरक्षक (समन्वय), नवा रायपुर की जिम्मेदारी मिली है।रमेश चन्द्र दुग्गा जगदलपुर को मुख्य वन संरक्षक (पारिस्थितिकी पर्यटन), नवा रायपुर, दिलराज प्रभाकर कांकेर से प्रभारी मुख्य वन संरक्षक सरगुजा, अभिषेक कुमार सिंह नवा रायपुर से प्रभारी मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं क्षेत्र निदेशक, अचानकमार रिजर्व, बिलासपुर, स्टायलो मंडवी इंद्रावती टाइगर रिजर्व से प्रभारी मुख्य वन संरक्षक, कार्ययोजना मंडल, जगदलपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

**सीसीएफ बनाए गए हैं मनिगावसन**-रायपुर के सीसीएफ (मुख्य वन संरक्षक) मनिगावसन बनाए गए हैं, जो राज्य के वन्य क्षेत्रों के समग्र संरक्षण और निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे। अधिकारी पदों में यह बदलाव वन विभाग की कार्यकुशलता बढ़ाने, जंगलों और वन्य जीवों की सुरक्षा में सुधार लाने, और क्षेत्रीय वन संरक्षण योजनाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है।

## आज मामले की राजधानी रायपुर में होगी सुनवाई

# तेलंगाना पर 18 सौ करोड़ बकाया पर अब नियामक आयोग में होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का तेलंगाना पॉवर कंपनी हर प्रयास के बाद भी बकाया 18 सौ करोड़ देने तैयार नहीं है। ऐसे में अंत में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई से इनकार करते हुए इस मामले को छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में लगाने के लिए कहा। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस मामले की याचिका आयोग में लगाई है। इस मामले में अब 16 सितंबर को सुनवाई होने वाली है।

मामला सुलझाने के लिए दोनों कंपनियों को अपने-अपने आर्बिटेटर नियुक्त करने हैं। इसके लिए प्रदेश की पॉवर कंपनी तो तैयार है, लेकिन अब तक तेलंगाना ने इस पर सहमति नहीं दी है। अब आयोग में इस मामले में कल कोई फैसला होगा। दरअसल तेलंगाना पर पॉवर कंपनी का 36 सौ करोड़ बकाया है, इसमें से तेलंगाना ने 21 सौ करोड़ का ही बकाया माना है। इसको किस्तों में दिया जा रहा है। अब पॉवर कंपनी ने तेलंगाना को बिजली देना भी बंद कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जब मड़वा में 500 मेगावाट के दो संयंत्र लगाए थे तो इनके प्रारंभ होने के पहले ही प्रदेश सरकार ने तेलंगाना को इस संयंत्र की पूरी बिजली देने का अनुबंध कर लिया था।



### 15 सौ करोड़ से बकाया हो गया 18 सौ करोड़

तेलंगाना ने पहले 15 सौ करोड़ का ही बकाया माना था। इसके बाद उसने छह सौ करोड़ का बकाया और माना। ऐसे में कुल 21 सौ करोड़ का बकाया तेलंगाना ने माना है। इसकी राशि बरसों से किस्तों में मिल रही है। अब तक 15 सौ करोड़ किस्तों में मिल चुके हैं। अब भी छह सौ करोड़ का बकाया है। इसी के साथ 36 सौ करोड़ में से जो 15 सौ करोड़ का बकाया नहीं माना गया था, उस पर सरचार्ज मिलाकर 18 सौ करोड़ हो गया है। केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय में कई बार शिकायत की गई, लेकिन इसका भी फायदा नहीं होने पर अब बकाया वसूली के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई तो हाईकोर्ट ने इस मामले में बिजली नियायक आयोग जाने की सलाह है। इसके बाद अब आयोग में याचिका लगाई गई है।

### 36 सौ करोड़ बकाया माना ही नहीं

तेलंगाना पर 36 सौ करोड़ के बकाया को लेकर ही कई सालों से विवाद चल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का कहना है कि बकाया 36 सौ करोड़ है, पर तेलंगाना इतना बकाया मानने कभी तैयार ही नहीं हुआ। जब पॉवर कंपनी के चेयरमैन शैलेंद्र कुमार शुक्ला बने थे, तब वे तेलंगाना भी गए। लेकिन मामला नहीं सुलझा।

### आयोग में लगाई है याचिका

हर तरह से प्रयास करने के बाद भी तेलंगाना बकाया देने तैयार नहीं हो रहा है, इसलिए इस मामले में हाईकोर्ट बिलासपुर में याचिका लगाई गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने मामले को बिजली नियामक आयोग में ले जाने के लिए कहा तो अब आयोग में याचिका लगाई है।


\- भीम सिंह कंवर, एमडी, छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी

# डर्टी न्यूड पार्टी का पोस्टर जारी करने वाला मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

क्लब, होटल में नाच-गाने, कल्चरल इवेंट के नाम पर अश्लीलता परोसने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इंस्टाग्राम में सिनफुल राइटर1 नाम के पेज में न्यूड पार्टी के नाम से पोस्टर जारी करने के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश, अनूपपुर के एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के एक अन्य साथी की पुलिस तलाश कर रही है। फरार युवक न्यूड पार्टी का मास्टर माइंड बताया जा रहा है।

मध्यप्रदेश से गिरफ्तार युवक को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दो दिनों की पूछताछ करने रिमांड पर लिया है। पुलिस ने तय समय से ज्यादा समय तक रविवार देर रात 15 स्थानों में छापे की कार्रवाई की है। इस दौरान एक क्लब संचालक की पुलिस के साथ झूमाझटकी हुई है। पुलिस ने आदर्श अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। आदर्श के कब्जे से पुलिस ने एक आईफोन जब्त किया है। आदर्श पेशे से कारोबारी परिवार से जुड़ा है। उसके पिता की बिजूरी में इलेक्ट्रॉनिक्स की शॉप है। आदर्श अग्रवाल ने 13 सितंबर को इंस्टाग्राम पेज में में न्यूड पार्टी आयोजित करने पोस्टर जारी किया था। पोस्टर जारी होने के बाद हंगामा हो गया। पुलिस की साइबर सेल की टीम इंस्टाग्राम आईडी की जांच कर आदर्श का मोइल नंबर निकालकर उसका लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार किया है। न्यूड पार्टी के लिए जो पोस्टर जारी किया गया था, उसमें पार्टी करने की तारीख तथा जगह का उल्लेख नहीं किया गया है। पुलिस पूछताछ में स्पष्ट हो पाएगा कि आदर्श तथा उसके अन्य साथी क्या रायपुर में न्यूड पार्टी करने वाले थे। करने वाले थे तो उन लोगों द्वारा स्थानीय स्तर पर किनसे मदद ली जा रही थी। पार्टी कहां और कब आयोजित होने वाली थी। पूछताछ के बाद इन बातों का खुलासा हो पाएगा।




### इन स्थानों में पुलिस ने की छापे की कार्रवाई

पुलिस ने तेलीबांधा स्थित हायपर क्लब, जोक पब, शीतल इंटरनेशनल, मोका बार एण्ड रेस्टोरेंट, होटल क्लोरेंस, सिमर्स बार, आईपी क्लब, नवा रायपुर स्थित पियानों क्लब शैमरॉक जॉर्डन में छापे की कार्रवाई की। तय समय से ज्यादा समय तक शराब परोसे जाने पर इन सभी संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करने पुलिस ने आबकारी विभाग को पत्र लिखा है। इसके अलावा पुलिस ने तेलीबांधा स्थित एमपी किचन, मरीन ड्राइव स्थित शेफ किचन, श्नो बेरी आईसलैण्ड, कैफे केपवाईस रेस्टोरेंट, विधानसभा स्थित ढाबा शाबा, प्रिंस तथा राजू ढाबा में छापे की कार्रवाई की है। इन सभी पर भी पुलिस ने कार्रवाई करने नगर निगम को पत्र लिखा है।

### पुलिस के साथ झूमाझटकी

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में संचालित आदित्य फार्म हाउस में देर रात हुक्का के साथ ड्रग पार्टी आयोजित होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम छापा मारने पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस को देख क्लब संचालक ने बाहर से गेट बंद कर दिया। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची और दीवाल फांदकर क्लब के अंदर घुसी, तो वहां उपस्थित लोगों ने पुलिस के साथ झूमाझटकी की। झूमा झटकी करने के आरोप में पुलिस ने हरजीत सिंह चावला तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। इसी तरह से एक अन्य क्लब में पुलिस पति के साथ खाना खाना गई एक महिला के साथ छेड़खानी करने की घटना सामने आई है। जिस महिला के साथ छेड़खानी हुई है, उनके द्वारा अब तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## 10वीं-12वीं की परीक्षा में शामिल होने 75% उपस्थिति अनिवार्य

# छात्रों को याद दिलाए गए नियम, आंतरिक मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा का अनिवार्य हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता नियम जारी किए हैं। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा देने के लिए छात्रों का स्कूल में न्यूनतम 75% उपस्थिति होना अनिवार्य है। निर्देशों के अनुसार, छात्र को बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए सभी विषयों की 2 साल तक पढ़ाई करनी होगी। सीबीएसई द्वारा दिए जाने वाले सभी विषयों में आंतरिक मूल्यांकन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अनिवार्य हिस्सा है। बोर्ड ने कहा, कक्षा 10वीं और 12वीं दो साल का प्रोग्राम हैं। दसवीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए नवमी कक्षा की पढ़ाई विधिवत करना जरूरी है। इसी तरह से बारहवीं की परीक्षा में बैठने के लिए ग्यारहवीं अनिवार्य है। आंतरिक मूल्यांकन दो साल की प्रक्रिया है। अगर छात्र स्कूल नहीं आते हैं, तो उनका आंतरिक मूल्यांकन नहीं हो सकता। आंतरिक मूल्यांकन में प्रदर्शन न होने पर छात्र का परिणाम घोषित नहीं किया जा सकता। ऐसे छात्रों को, भले ही वे नियमित छात्र हों, पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा।



फाइल फोटो

### अतिरिक्त विषयों के लिए अनुमति जरूरी

कक्षा 10वीं और 12वीं में छात्रों को अतिरिक्त विषय चुनने का विकल्प दिया जाएगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, कक्षा 10 में छात्र अनिवार्य 5 विषयों के अलावा 2 अतिरिक्त विषय चुन सकते हैं, जबकि कक्षा 12 में केवल 1 अतिरिक्त विषय लिया जा सकता है। अतिरिक्त विषय चुनने वाले छात्र इसे दो साल तक पढ़ेंगे। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी स्कूल ने किसी विषय को पढ़ाने की अनुमति सीबीएसई से नहीं ली है और उनके पास शिक्षक, लैब या अन्य सुविधाएं नहीं हैं, तो छात्रों को वह विषय मुख्य या अतिरिक्त विषय के रूप में नहीं दिया जाएगा।

बिलासपुर
मंगलवार, 16 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 25, अंक : 174
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 28.6
न्यून. 27.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 सेंट्रल जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी का...



विचार पेज
2 विद्रोह की पड़ताल आवश्यक

# डीएमएफ की 70 प्रतिशत राशि अब खर्च होगी पेयजल, पर्यावरण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर, बदल गए नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) नियम में बड़ा बदलाव किया है। अब सरकार ने तय किया है कि डीएमएफ की राशि में से 70 प्रतिशत पेयजल, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, जैसे काम में खर्च की जाएगी।

इसके साथ ही 10 प्रतिशत राशि स्थायी आजीविका के साधन जुटाने के लिए अक्षय निधि में रखी जाएगी। नए नियम में डीएमएफ संबंधी शिकायतों के निराकरण और निगरानी के लिए भी प्रावधान किए गए हैं। राज्य सरकार ने डीएमएफ नियम 2015 में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जो काफी विस्तृत और कई बिदुओं पर आधारित हैं। इसमें यह बात शामिल है कि गौण खनिजों के अलावा अन्य खनिजों की खानों की सीमा से 15 किलोमीटर अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

खानों से प्रभावित क्षेत्र ग्राम और ग्राम पंचायतें या स्थानीय शहरी निकाय जिनके भीतर खानें (गौण खनिजों के अतिरिक्त मौजूद और प्रचलनरत हैं। ऐसे खनन क्षेत्र पड़ोसी गांव, कस्बे, ब्लाक, या जिले या यहां तक कि राज्य तक भी विस्तृत हो सकते है। एक से अधिक जिलों में प्रभावित क्षेत्र को स्पष्ट किया गया कि यदि एक जिले में, किसी खान का प्रभावित क्षेत्र दूसरे जिले के अधिकार क्षेत्र में भी ▶▶|शेष पेज 6 पर

## नियम में बताया कौन होगा खनिज प्रभावित

### 70 प्रतिशत राशि इन काम में लगेगी

डीएमएफ नियम में बदलाव का सबसे बड़ा पहलु ये है कि अब इस मद की राशि का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर खर्च किया जाएगा। इसमें पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं दिव्यांगजन कल्याण, कौशल विकास और आजीविका सृजन, स्वच्छता, आवास, कृषि पशुपालन क्षेत्र शामिल किए गए हैं। बाकी 30 प्रतिशत राशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लगेगी। इसमें भौतिक संरचन विकास, सड़क, पुल, रेल और जलमार्ग परियोजनाएं, सिंचाई के लिए चेक डैम, डायवर्जन, उर्जा विकास और वाटरशेड विकास पर खर्च किए जाएंगे।



कौन होगा खनन प्रभावित

नियम में कहा गया है कि खनन प्रभावित व्यक्तियों में उन लोगों को शामिल करना चाहिए जिनके पास खनन की जा रही भूमि पर वैधानिक और व्यावसायिक अधिकार है, जिनके पास उपभोग और पारंपरिक अधिकार है और जिनकी आजीविका खनन के कारण प्रभावित हुई है।बनेगी पंचवर्षीय योजनाअब डीएमएफ पांच वर्षों के लिए एक रणनीति तैयार करेगा और उसे एक परिप्रेक्ष्य योजना में शामिल किया जाएगा। उपलब्ध मौजूदा शेष राशि और पांच साल की अवधि में डीएमएफ में संभावित संचय के ध्यान में रखते हुए पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना को वर्षवार कार्य योजनाओं में विस्तारित किया जाएगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### न्यायमूर्ति सुंदर मणिपुर के नए मुख्य न्यायाधीश

**इंफाल।** न्यायमूर्ति एम. सुंदर ने सोमवार को मणिपुर उच्च न्यायालय के 10वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति के. सोमशेखर के सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति सुंदर को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। शपथ ग्रहण समारोह में कई नेता, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। न्यायमूर्ति सुंदर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं।



### 35 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त, 5 गिरफ्तार

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में पुलिस और बिहार छापेमारी में 35,000 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया। बिहार आबकारी विभाग, विशेष कार्य बल रांची और गिरिडीह पुलिस ने रविवार रात निमियाघाट थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार का पर्दाफाश करने के लिए छापेमारी की। एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने कहा, हमने एक संयुक्त छापेमारी में 35,000 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त की है। यह स्प्रिट एक वाहन से चुराकर एक होटल के पीछे छिपाई गई थी।



### अभिनेता उपेंद्र राव और उनकी पत्नी के फोन हैक

**बेंगलुरु।** कन्नड अभिनेता उपेंद्र राव ने कहा कि उनके और उनकी पत्नी प्रियंका के फोन हैक कर लिए गए हैं। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि वे उनके फोन नंबरों से आए किसी भी ऐसे संदेश का जवाब नहीं दें जिनमें पैसे की मांग की गई हो। सुबह उनकी पत्नी को अज्ञात नंबर से ऑनलाइन ऑर्डर से जुड़ा संदेश मिला, जिसके बाद वह साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गईं।



### वित्त मंत्रालय के अफसर की जान ली, चालक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की मोटरसाइकिल को यहां बीएमडब्ल्यू कार से टक्कर मारने की आरोपी महिला को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले दिन में, अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद महिला को हिरासत में ले लिया गया। रविवार दोपहर दिल्ली छावनी मेट्रो स्टेशन के पास रिंग रोड पर हुई इस दुर्घटना में नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई।



# ट्रंप टैरिफ पर टेंशन, भारत-अमेरिका में ट्रेड डील को लेकर अब बनेगी बात

*व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए भारत पहुंच रहे अमेरिका के मुख्य वार्ताकार*

*भारत का अमेरिका से टैरिफ वॉर के बीच एक बड़ी खबर सामने आई। भारत-अमेरिका तनातनी के बीच दोनों देशों ने बातचीत बंद नहीं की। उम्मीद लगाई जा रही है कि जल्द रिश्ते सामान्य हो सकते हैं। अमेरिकी अधिकारी भारत पहुंच रहे हैं और मंगलवार को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वार्ता होगी। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि टैरिफ वॉर के बीच बातचीत कहां तक पहुंची है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के मुख्य व्यापार वार्ताकार ब्रेंडन लिंच भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता (बीटीए) पर बातचीत के लिए भारत आने वाले हैं। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। लिंच मंगलवार को व्यापार वार्ता के संबंध में एक-दिवसीय बातचीत करेंगे। वह अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण एवं पश्चिम एशिया) हैं। प्रस्तावित व्यापार समझौते पर दोनों देशों के बीच अबतक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। वार्ता का छठा दौर 25-29 अगस्त के बीच होना था लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद इसे टाल दिया गया था।

बीटीए पर भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, हमने पहले भी संकेत दिए हैं कि हमारे बीच बातचीत जारी है। अमेरिका के मुख्य वार्ताकार भारत आ रहे हैं और वह मंगलवार को संभावित परिदृश्य के बारे में चर्चा करेंगे।

- आज होगी द्विपक्षीय वार्ता, कई मुद्दों पर सहमति के आसार
- अमेरिका ने भारत पर लगाया है 50 फीसदी टैरिफ




### ट्रंप-मोदी के बयान से सुधरा माहौल

पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से सोशल मीडिया पर व्यक्त सकारात्मक बयानों से माहौल कुछ सुधरा है। लिंच एशिया के इस क्षेत्र के 15 देशों के साथ अमेरिका की व्यापार नीति तैयार करने और उसके क्रियान्वयन की देखरेख करते हैं। इसमें भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच का प्रबंधन शामिल है।

### कई राउंड हो चुकी है बात

भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अब तक पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। छठा दौर 25 से 29 अगस्त के बीच होना था, लेकिन अमेरिका द्वारा भारतीय सामान पर 50% टैरिफ लगाने के बाद इसे टाल दिया गया। मंगलवार की बैठक को छठे दौर की वार्ता की तैयारी माना जाएगा। ब्रेंडन लिंच क्षेत्र के 15 देशों के लिए अमेरिकी व्यापार नीति को दिशा देते हैं।

### भारत का रुख और भविष्य की राह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि भारत की आर्थिक जरूरतों और किसानों से जुड़े सेक्टर पर कोई समझौता नहीं होगा। वहीं हाल के दिनों में शंघाई सहयोग संगठन समिट के बाद माहौल थोड़ा बदला है। ट्रंप ने भारत के लिए अपनी भाषा नरम की है और दोनों देशों के बीच ट्रेड डील को लेकर फिर से बातचीत का रास्ता खुला है।

### इधर, भारत से डीजल नहीं खरीदेगा यूक्रेन

यूक्रेन के एनर्जी कंसल्टेंसी फर्म एनकोर ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन भारत से डीजल की खरीद बंद करने जा रहा है। फर्म के मुताबिक, यूक्रेन 1 अक्टूबर से भारत से उत्पादित डीजल ईंधन के आयात पर प्रतिबंध लगाएगा। बताया जा रहा है कि यह रोक भारत के रूसी तेल की खरीद को देखते हुए लगाई जा रही है।

### झींगा निर्यात को 25,000 करोड़ का नुकसान

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ से राज्य के झींगा निर्यात को भारी नुकसान पहुंचने पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि इस वजह से लगभग 25,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और लगभग 50 प्रतिशत निर्यात आदेश रद्द हो गए हैं।

# शराब घोटाले में चैतन्य के खिलाफ 5000 पन्नों का चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य के चर्चित करोड़ों रुपए के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की सोमवार को 60 दिनों की न्यायिक रिमांड पूरी होने पर उनके खिलाफ ईडी ने कोर्ट में चालान पेश किया। ईडी की विशेष अदालत में चैतन्य के खिलाफ पांच हजार पन्नों का चालान पेश किया गया। साथ ही 91 पेज की समरी पेश की गई है। चैतन्य के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी ने गिरफ्तारी के लिए कोर्ट में आवेदन पेश किया, जिसे बाद में वापस ले लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे को ईडी ने उनके जन्मदिन के अवसर पर 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने पूछताछ करने चैतन्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

- चैतन्य से पूछताछ करने ईओडब्लू ने सात दिन के लिए प्रोटेक्शन वारंट लेने आवेदन दिया
- हाईकोर्ट के आदेश पर जमानत की सुनवाई पूरी होने के बाद प्रोटेक्शन वारंट पर विचार किया जाएगा

### हाईकोर्ट में खारिज हुई याचिका

**बिलासपुर।** चैतन्य बघेल के मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई अधूरी रही। सुनवाई 19 सितंबर को फिर से सुनवाई होगी। ध्यान रहे कि चैतन्य के खिलाफ ईडी ने मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। चैतन्य ने हिरासत में लिए जाने को चुनौती दी है। इसके ▶▶|शेष पेज 6 पर

अयोध्या से बनारस जा रहे थे बस्तर के तीर्थयात्री

# ट्रेलर से टकराई श्रद्धालुओं की बस, चालक सहित 4 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजुर

परलकोट से तीर्थदर्शन के लिए गई बस सोमवार की सुबह ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई और 6 गंभीर रूप से घायल हो गए। यह बस पखांजुर से तीर्थयात्रियों को लेकर 7 सितंबर को निकली थी। इसमें कुल 56 लोग सवार थे।

यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस अयोध्या से वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रही थी। मृतकों में तीन महिलाएं मायापुर निवासी आशा भवाल, बांदे थानांतर्गत निवासी रेखा बनीक, राजनांदगांव जिले की निवासी गुलाब देवी और बस का चालक दीपक। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के लाइन बाजार क्षेत्र के सीहापुर के पास सोमवार की अलसुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। बस बालाजी ट्रैवल्स की थी, जिसका नंबर सीजी 07 सीटी 4681 है। बस में सवार कुल 56 यात्रियों में से 53 पखांजुर और तीन दूसरे जिलों के रहने वाले थे। बस का ड्राइवर ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, तभी उसने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सड़क दुर्घटना में हुए घायल

टुलूसील पिता नेपाल सील उम्र 40 वर्ष, लखमदास पिता उपेंद्र उम्र 65 वर्ष, सोमेश साहू पिता ओमप्रकाश, सान्द्रा पति देवरंजन उम्र 55 वर्ष, दिलीप दास पिता सुगलदास उम्र 50 वर्ष, विजेंद्र मंडल पिता हरेंद्र मंडल उम्र 65 वर्ष है।

### पीड़ितों का दर्दनाक अनुभव

मृतका आशा भवाल के परिजन संजीत भवाल ने बताया कि उनके भाई उपा भवाल ने फोन पर उन्हें इस हादसे की जानकारी दी। उपा भवाल ने बताया कि रात लगभग 3 बजे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऊपर सो रहे यात्री नीचे गिर गए। किसी तरह वह खुद उठे और अपनी पत्नी आशा भवाल को ढूंढने लगे। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी बस की खिड़की और सीट के बीच फंसी हुई थीं और बुरी तरह से लहूलुहान थीं।

### सीएम साय ने दुख जताया




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर हुई बस दुर्घटना में कांकेर और राजनांदगांव जिले के चार श्रद्धालुओं के असमय निधन व छह के गंभीर रूप से घायल होने का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

पोर्टल पर गड़बड़ियों की शिकायत

# सात करोड़ ने आईटीआर भरा, नहीं बढ़ी समय सीमा

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि अबतक सात करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। यह बात इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा पोर्टल पर गड़बड़ियों की शिकायत और समयसीमा बढ़ाने की मांग के बीच कही गई है। रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा सोमवार को समाप्त होने के कारण ई-फाइलिंग पोर्टल पर बड़ी संख्या में आयकरदाताओं ने रिटर्न भरने के लिए लॉगइन किया। समयसीमा बढ़ाने की मांग के बावजूद, विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने का कोई संकेत नहीं दिया है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अबतक सात करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं और अभी भी गिनती जारी है। विभाग ने उन सभी लोगों से अपना रिटर्न दाखिल करने का आग्रह किया जिन्होंने अभी तक आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में अर्जित आय के लिए बिना जुर्माने के आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर थी। पिछले वर्ष 31 जुलाई तक 7.28 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे।




### कर भुगतान में दिक्कत

पिछले कुछ दिनों में कई चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य लोगों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि आयकर पोर्टल पर कर भुगतान और एआईएस (वार्षिक सूचना विवरण) डाउनलोड करते समय गड़बड़ियां आ रही हैं। इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने सोमवार को यह भी शिकायत की कि वे ई-फाइलिंग पोर्टल में लॉग इन नहीं कर पा रहे हैं।

# जिस थाने में की थानेदारी वहीं दर्ज हुआ रेप का केस

- टिकरापारा में मामला अभी सरगुजा में एसडीओपी हैं
- महिला ने धमकी देकर रेप करने की शिकायत दर्ज कराई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

टिकरापारा थाना में वर्ष 2020-21 में टीआई रह चुके मोहम्मद याकूब मेमन के खिलाफ एक महिला ने डरा धमकाकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की शिकायत पर सरगुजा पुलिस ने शून्य में एफआईआर दर्ज कर केस डायरी टिकरापारा पुलिस को ट्रांसफर की है। एफआईआर की पुष्टि एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते ने की है। सरगुजा आईजी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने वहां याकूब मेमन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। याकूब मेमन वर्तमान में सरगुजा में एसडीओपी के पद पर पदस्थ हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर पोस्टिंग के दौरान याकूब मेमन के घर एक महिला अपने पति के साथ किराए पर रहती थी। महिला का पति किसी निजी संस्था में नौकरी करता था। आरोप है कि पति की अनुपस्थिति में याकूब मेमन ने महिला को डरा धमकाकर उसके साथ रेप किया था। यौन शोषण की शिकार महिला ने इसकी शिकायत रायपुर में आला अफसरों के पास की, लेकिन उनकी किसी ने मदद नहीं की। एफआईआर दर्ज नहीं होने से परेशान महिला ने सरगुजा आईजी के पास शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सरगुजा आईजी ने याकूब मेमम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की निर्देश दिए। केस डायरी ट्रांसफर होने के बाद टिकरापारा पुलिस महिला का बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी।

### किया गया है दर्ज

महिला की शिकायत के बाद एसडीओपी के खिलाफ शून्य पर अपराध कायम किया गया और रायपुर भेज दिया गया है। इस प्रकरण की नम्बरी रायपुर में करने के साथ ही जांच कार्रवाई की जाएगी।

**- दीपक झा** आईजी सरगुजा रेंज

### दो बार राष्ट्रपति सराहनीय पदक से सम्मानित

वर्ष 1998 में पुलिस सेवा में भर्ती याकूब मेमन ने अविभाजित मप्र के रीवा, सतना जिले से नौकरी की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ अलग राज्य बनने के बाद उनकी पोस्टिंग नक्सल प्रभावित बस्तर के दंतेवाड़ा, बीजापुर, जगदलपुर, नारायणपुर, राजनांदगांव में हुई। नक्सली उन्मूलन में बेहतरीन योगदान के लिए मेमन को वर्ष 2016 में राष्ट्रपति पदक मिला। इसके बाद कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए वर्ष 2021 में उन्हें राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

जेन-जी के हंगामे में 36 हजार से ज्यादा रिकॉर्ड जलकर स्वाहा

# टेंट में सुप्रीम कोर्ट, दस्तावेज नहीं इसलिए दी तारीख पर तारीख

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में जेन-जी विरोध के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट की इमारत में भी आग लगा दी थी। इस आगजनी और तोड़फोड़ के कारण सुप्रीम कोर्ट की इमारत के साथ ही दस्तावेज नष्ट हो गए। हालांकि, अब नई सरकार के गठन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपने परिसर में टेंट लगाकर कामकाज फिर से शुरू कर दिया है। नेपाल के इतिहास में यह पहला मौका है, जब सुप्रीम कोर्ट को खुले आसमान के नीचे लगाया गया है। बताया जा रहा है कि इस आगजनी में कोर्ट के 36 हजार से ज्यादा दस्तावेज जलकर खाक हो चुके हैं। ऐसे में लंबित मामलों की जगह नए केस पर सुनवाई की गई। सुप्रीम कोर्ट ने पहले दिन मामलों की जानकारी ली, पुराने मामलों पर तारीख देकर उसे आगे बढ़ाया।




### सुप्रीम कोर्ट का तंबू एडिशन

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा कामकाज शुरू किया, लेकिन चारदीवारी के भीतर नहीं। कोर्ट अब अपने आंगन में लगे सफेद टेंटों से चल रहा है। इन टेंटों पर बड़े अक्षरों में लिखा है कि 'सुप्रीम कोर्ट नेपाल'। स्टाफ याचिकाकर्ताओं से मिल रहा है और नई तारीखें दे रहा है। चीफ जस्टिस प्रकाशमान सिंह राउत ने बयान दिया है कि हम हर हाल में न्याय के रास्ते पर डटे रहेंगे।

### जल्द ही सामान्य होंगे हालात

रिपोर्ट में नेपाल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजय प्रसाद मिश्रा ने कहा कि अभी हालात ऐसे हैं कि सर्वोच्च न्यायालय पूरी तरह से कामकाज को शुरू नहीं कर सकता है, लेकिन इसे धीरे-धीरे फिर से शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हालात में सुधार होने पर महिलाओं के मामलों, बंदियों के मामलों और राष्ट्रीय मुद्दों पर प्राथमिकता से सुनवाई की सिफारिश की गई है।



### तीन नवनियुक्त मंत्रियों ने की शपथ ग्रहण

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की ओर से नियुक्त तीन मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री कार्की (73) ने रविवार को पदभार संभाला था। उन्होंने उसी दिन कुलमन घीसिंग, रामेश्वर खनाल और ओम प्रकाश आर्यल को अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था। तीन मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह यहां महाराजगंज क्षेत्र में शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित किया गया। पूर्व वित्त सचिव खनल को वित्त मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है।

## चिंतन

# अब नहीं हो पाएगा वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग

वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार करने के साथ ही साफ हो गया कि एक बड़े फैसले पर मुहर लग गई है। हालांकि, कोर्ट ने कुछ प्रावधानों पर रोक भी लगाई है। इसके साथ ही सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि पूरे कानून पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं बनता, लेकिन कुछ धाराओं को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है। वक्फ के पास भारत में 8.72 लाख एकड़ संपति है। यह संपति इतनी ज्यादा है कि सेना और रेलवे के बाद वक्फ सबसे अमीर संगठन है। 2009 में यह प्रॉपर्टी करीब 4 लाख एकड़ ही थी, जो अब दोगुनी हो चुकी है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय ने दिसंबर 2022 में लोकसभा में जानकारी दी थी जिसके अनुसार वक्फ बोर्ड के पास 8,65,644 एकड़ अचल संपतियां हैं। वक्फ की इन जमीनों की अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ से भी ज्यादा है। हालांकि ये सरकारी अनुमान है। असल में यह संपति बाजार भाव के हिसाब से इससे कहां ज्यादा की बताई जा रही है। अब वक्फ संशोधन कानून में यह प्रावधान रहेगा जो सरकार की ओर से नियुक्त अधिकारी को यह निर्धारित करने का अधिकार देता है कि क्या वक्फ संपत्ति ने सरकारी संपत्ति में अतिक्रमण किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड में गैरमुस्लिम को सीईओ नियुक्त करने संबंधी संशोधन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही यह निर्देश दिया कि जहां तक संभव हो वक्फ बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्लिम होना चाहिए। शीर्ष कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के उस प्रावधान पर भी रोक लगाई, जिसमें वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति का 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक बताया गया था। यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा, जब तक राज्य सरकारें यह तय करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि कलेक्टर को व्यक्तिगत नागरिकों के अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। जब तक ट्रिब्यूनल द्वारा निर्णय नहीं हो जाता, तब तक किसी भी पक्ष के विरुद्ध किसी तीसरे पक्ष का अधिकार निर्मित नहीं किया जा सकता। कलेक्टर को ऐसी शक्तियां देने वाले प्रावधान पर रोक रहेगी। हम यह भी मानते हैं कि वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं हो सकते और कुल मिलाकर 4 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि किसी भी कानून की संवैधानिक वैधता का आकलन उसके पक्ष में ही होता है। केवल दुर्लभ मामलों में ही पूरे कानून पर रोक लगाई जा सकती है। दरअसल, याचिकाकर्ताओं ने इस पूरे कानून को ही रद करने की मांग की थी। मगर, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अब इस्लामी वक्फ बोर्ड के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा। शीर्ष अदालत ने एक तरह से इस कानून के जरिये पुराने वक्फ का अंत ही कर डाला है। अब याचिकाकर्ताओं के पास हाथ मलने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। सरकार ने शुरुआत से ही साफ कर दिया था कि वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना व संपति का दुरुपयोग रोकना है। भारत जैसे बड़े देश में जमीन के एक-एक इंच का उचित उपयोग होना चाहिए। संशोधन लागू होने के बाद वक्फ बोर्ड मनमाने ढंग से किसी भी गांव को वक्फ संपति घोषित नहीं कर कर पाएगा, लेकिन कुछ लोग इसे लेकर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे थे। अब सुप्रीम मुहर लगने पर बाद ऐसे मनसूबों पर पानी फिर गया है।

## विश्व ओजोन दिवस

रोहित कौशिक

# ओजोन परत बचेगी तो ही धरती पर हम सब बचेंगे

आज विश्व ओजोन दिवस है। यह दिन हमें पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर बहुत कुछ सोचने के लिए प्रेरित करता है। दरअसल ओजोन परत की स्थिति में उतार-चढ़ाव होता रहता है। समय-समय पर ओजोन परत को लेकर विभिन्न अध्ययन सामने आते रहते हैं। कभी-कभी इन अध्ययनों में विरोधाभासी बातें भी सामने आती हैं। यानी कभी ओजोन परत की स्थिति में सुधार का शोध प्रकाशित होता है तो कभी ओजोन परत की स्थिति बदतर होने का शोध प्रकाशित होता है। ऐसी विरोधाभासी शोध हमें भ्रमित करते हैं। मूल बात यह है कि आज जिस तरह से पर्यावरण को हानि पहुंचायी जा रही है, वह ओजोन परत के लिए शुभ नहीं है। पिछले कुछ दशकों में मानवीय गतिविधियों ने ओजोन परत को काफी नुकसान पहुंचाया है। कुछ समय पहले नासा और यूएस नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के वैज्ञानिकों ने यह बताया था कि आजोन छिद्र की स्थिति अब बेहतर हो रही है। यह छेद अंटार्कटिका के ऊपर स्थित है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुमान के अनुसार अंटार्कटिक आजोन परत 2066 के आस-पास 1980 के स्तर पर पहुंच जाएगी, जबकि बाकी दुनिया में 2040 और 2045 के बीच रिकवरी होगी। वहीं विभिन्न शोधों में यह बात सामने आई है कि 1997 के आसपास ओजोन क्षय की दर कम हो गई थी। वैज्ञानिकों ने इस सम्बन्ध में 25 साल के आंकडों का अध्ययन किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगातार खराब होती जा रही ओजोन परत की स्थिति कुछ जगहों पर अब बेहतर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की स्थिति में सुधार 1987 की अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि के कारण ही संभव हुआ है।

वैज्ञानिकों ने सत्तर के दशक में यह खोजा था कि ओजोन परत पतली हो रही है। 1980 के आसपास यह बहुत स्पष्ट हो गया था कि ओजोन परत का तेजी से क्षरण हो रहा है। विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के द्वारा यह बात सामने आई कि क्लोरो फ्लोरो कार्बन नामक गैस ओजोन परत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रही है। यह गैस मुख्यतः वातानुकूलन एवं प्रशीतन, रेफ्रिजिरेशन में काम आती है। इसके अतिरिक्त वातावरण में ऊंचाई पर उड़ने वाले जेट विमान भी क्लोरो फ्लोरो कार्बन छोड़ते हैं। इसलिए इस तरह की गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए 1987 में अन्तर्राष्ट्रीय मांट्रियल संधि को लागू किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की सुधरती स्थिति इसी मांट्रियल संधि का नतीजा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मात्र क्लोरो फ्लोरो कार्बन ही ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाती है बल्कि कुछ अन्य कारक भी ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार होते हैं। सूर्य कंलक, सन स्पोट, ज्वालामुखी तथा मौसम जैसे कारक ओजोन परत का स्वरूप निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। नासा तथा कुछ विश्वविद्यालयों का मानना है कि आज कुछ जगहों पर ओजोन परत की बेहतर स्थिति के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन में कमी ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

ओजोन वातावरण के स्ट्रेटोस्फीयर भाग में धरती की सतह से ऊपर 15 किमी से लेकर 40 किमी तक की ऊंचाई में पाई जाती है। यह सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को सोखकर ऐसे विभिन्न रासायनिक तत्वों को बचाती है जो कि जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक होते हैं। जब वातावरण में आक्सीजन पराबैंगनी किरणों को सोखती हैं तो रासायनिक प्रक्रिया के द्वारा ओजोन का निर्माण होता है। ओजोन परत के क्षरण से सूर्य से निकलने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणें धरती पर पहुंचकर मनुष्यों, जानवरों, पेड़-पौधों तथा अन्य बहुत सारी चीजों को नुकसान पहुंचाती हैं। पराबैंगनी किरणों से त्वचा कैंसर,फेफडों का कैंसर, शरीर की प्रतिरक्षक प्रणाली का कमजोर होना ,आंखों के रोग, डीएनए का टूटना तथा सन बर्न जैसे रोग हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त ये किरणें पेंट एप्लास्टिक तथा सीमेंट जैसी चीजों के लिए भी हानिकारक सिद्ध होती हैं। सर्वप्रथम स्वीडन ने 23 जनवरी 1978 को क्लोरो फ्लोरो कार्बन वाले ऐरोसोल स्प्रे को प्रतिबन्धित किया था। इसके बाद कुछ अन्य देशों जैसे अमेरिका, कनाडा तथा नार्वे ने भी यही कदम उठाए। लेकिन यूरोपियन समुदाय ने इस तरह के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। यहां तक कि अमेरिका में भी प्रतिशीलन, रेफ्रीजेरेशन जैसे उद्देश्यों के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन का उपयोग होता रहा। मांट्रियल संधि के बाद ही सभी देशों ने क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के लिए गंभीरता से सोचा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विद्रोह की पड़ताल आवश्यक



नेपाल

अवधेश कुमार

> आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलाते रहे हैं जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकताविहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। उन्होंने भी निराश किया।

नेपाल में उथल-पुथल के बीच सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। किंतु इसके पूर्व तीन दिनों में नेपाल जिस अकल्पनीय हिंसा, उथल-पुथल और हृदयविदारक घटनाओं से गुजरा उसने सबको डराया है। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के विरुद्ध जेन जी के बैनर से जारी विरोध प्रदर्शन कितना उग्र, हिंसक, अराजक और अनेक मायनों में आपराधिक हुआ। ऐसा लगता था जैसे उग्र भीड़ नेपाल की राजनीति और सत्ता से संबंधित हर चीज नष्ट करना चाहती हो। संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रपति आवास और उच्चतम न्यायालय जला देना, मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, नेताओं के घरों में घुसकर, खींच-खींच कर सड़कों पर दौड़ा - दौड़ा कर पीटना और महिलाओं को भी नहीं बख्शना किसी आंदोलन का पर्याय नहीं हो सकता। पूर्व प्रधानमंत्री झालानाथ खनाल की पत्नी को जलाया गया। शेर बहादुर देउबा की पत्नी विदेश विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा की बेरहमी पिटाई वाकई हृदयविदारक थी। लगता था जैसे भीड़ किसी भी नेता को नेपाल की धरती पर साक्षात सहन करने को ही तैयार नहीं थी। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सेना ने हेलिकॉप्टर से बचाकर निकाला। नेताओं के व्यक्तिगत घर भी जला डाले गए। केवल सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण इस तरह का हिंसक विरोध, जिसने उग्र अराजकता की सीमाएं पार कर दिया गले नहीं उतरता।

जरा सोचिए, 28 अगस्त को नेपाल सरकार ने 26 सोशल मीडिया साइट को प्रतिबंधित किया जिन्होंने वहां रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था और 3 सितंबर को आंदोलन आरंभ हो गया। ठीक है कि सोशल मीडिया नई पीढ़ी और सक्रिय लोगों के जीवन में इतना पैठ बना चुका है कि प्रतिबंध सामान्य तौर पर स्वीकार नहीं हो सकता। नेपाल में सोशल मीडिया के माध्यम से 12 अरब डॉलर माह से ज्यादा का कारोबार हो रहा है। नई पीढ़ी रील बनाने से लेकर अन्य वीडियो आदि से भारी कमाई कर रही है। सोशल मीडिया भुगतान का भी जरिया बन गया है।

तो नेपाल में इसका प्रतिबंधित होना आसानी से स्वीकार नहीं हो सकता था। सरकार का कहना था कि सोशल मीडिया के माध्यम से देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाया जा रहा था, सांप्रदायिक घृणा भी फैलाई जा रही थी। इसलिए इनका नियमन करना जरूरी है। उच्चतम न्यायालय ने निबंधन की बात कही थी कि जिसका आधार बनाकर सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन उग्र विरोध को देखते हुए सरकार ने प्रतिबंध भी हटा लिया। अगर केवल इसका प्रतिबंध विरोध का कारण होता तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। पहले दिन ही विरोध प्रदर्शन के बीच 21 लोगों की मृत्यु आग में घी डालने वाला साबित हुआ, इतनी बड़ी संख्या में किसी आंदोलन में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से मृत्यु हो तो गुस्सा, उत्तेजना पैदा होना स्वाभाविक था। बावजूद ऐसी हिंसा, हर विचारधारा की राजनीति और नेताओं को संपूर्ण नष्ट करने की सीमा तक अभियान चलाना किसी दृष्टिकोण से सामान्य नहीं था।

हाल के समय में जहां भी इस तरह की घटनाएं हुई हमने आधार कारणों का विश्लेषण करते हुए प्रकारांतर से उन्हें न्यायसंगत ठहराने की कोशिश की है। नेपाल के संदर्भ में भी नेताओं के भ्रष्टाचार, उनके बच्चों का



विलासितापूर्ण जीवन, राजनीतिक अस्थिरता आदि को इसके पीछे प्रमुख कारण बताया गया। यह तो नहीं कह सकते कि नेपाल में असंतोष और विरोध के कारण नहीं थे। 2006 में माओवादियों के शांति समझौते के बाद 2008 में राजशाही के अंत के साथ आरंभ संसदीय लोकतंत्र का प्रयोग नेपाल में अनेक विद्रूपताओं का शिकार हुआ। 2008 से एक नया दौर आरंभ हुआ तो 2015 में फिर नए संविधान के साथ नेपाल ने कदम आगे बढ़ाया। किंतु 17 वर्षों में 14 सरकारों के आने- जाने से बड़ा प्रमाण राजनीतिक अस्थिरता का क्या हो सकता था। हथियार के दबाव में परिवर्तन लाने वाले पुष्पकमल दहल प्रचंड तीन बार प्रधानमंत्री बने तो कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाल के केपी शर्मा ओली तथा कांग्रेस के शेर बहादुर भी इतनी ही बार।

आप देखेंगे कि पिछले काफी समय से नेपाल में अलग-अलग किस्म के आंदोलन चलते रहे हैं जिनमें नेपाल को फिर हिंदू राष्ट्र घोषित करने तथा राजशाही की पूर्ण वापसी प्रमुख था। इनकी रैलियों में हजारों लोग आने लगे। नेपाल के ज्यादातर जिलों में इनकी रैलिया हुईं और हजारों लोगों की इनमें भागीदारी थी। केपी शर्मा होली ने राजा ज्ञानेंद्र की गतिविधियों को रोकने की कोशिश की तथा आंदोलन में हुए, तोड़फोड़ के लिए उन पर 7 करोड़ 93 लाख का जुर्माना भी लगाया। मधेसी आंदोलन ने सदियों से उपेक्षित यहां तक की नागरिकता विहीन व्यक्तियों के दमन को आवाज दी किंतु अधिकतर मधेस नेता भी राजनीतिक स्वार्थ एवं निजी लाभ के वशीभूत एकजुट नहीं रह सके। हाल में नेपाल में मुस्लिम तथा ईसाई समुदाय की बढ़ती आबादी के विरुद्ध भी असंतोष बढ़ा है। मुस्लिम आबादी तराई या मधेश के क्षेत्र में है और उसके कारण समाज में असहज स्थिति पैदा हुई है। 2008 की संविधान सभा सह संसद ने बिना घोषणा के हिंदू राष्ट्र का अंत कर नेपाल को सेक्युलर देश घोषित किया। इसमें बालेंद्र शाह जैसे रैपर तथा सूदन गुरुंग जैसे हामी नेपाल एनजीओ के संचालकों ने नई पीढ़ी को आकर्षित किया। उनकी लोकप्रियता बढ़ी। बालेंद्र शाह ने कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों को पराजित कर काठमांडू के मेयर का चुनाव जीता तथा 2023 में टाइम्स पत्रिका ने उन्हें विश्व के 100 प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल कर दिया। हालांकि इस बीच दुर्गा परसाई जैसे राष्ट्रीय प्रजातांत्रिक पार्टी के नेता भी उभरे जो संवैधानिक राजशाही की पुनर्स्थापना के समर्थक हैं। बेरोजगारी के कारण युवाओं का विदेशों में पलायन नेपाल के लिए आम बात थी। इस समय नेपाल के लोग दुनिया के अनेक कोने में है। वहां से प्रभावित हैं।

किंतु कई बार हम जल्दीबाजी में तात्कालिक घटनाओं की वास्तविक पृष्ठभूमि, उसके उसके पीछे की सोच, विचारधारा तथा इसके भावी डरावने प्रभावों का आकलन नहीं कर पाते। नेपाल अकेला देश नहीं है जहां राजनीति और सत्ता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी हो और काफी हद तक प्रत्यक्ष दिखाई भी पड़ता हो। इस तरह की स्थिति इसके पूर्व दक्षिण एशिया में श्रीलंका तथा बांग्लादेश में ही पैदा हुई। बांग्लादेश की घटना के पीछे अमेरिका और तथा पाकिस्तान की प्रमुख भूमिका थी।

कहने का तात्पर्य इस तरह के विद्रोहों के पीछे ऐसी सोच, विचारधारा, योजना और तैयारी रही है जिसकी ओर हमारा स ध्यान नहीं जाता। आज भी स्थिति यह है कि अगर आप इस तरह के कृत्यों का तार्किक विरोध करें तो आपको उग्र प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान भारत के प्रति विरोध की भी अनेक घटनाएं सामने आई। साफ है कि नेपाल के पूरे घटनाक्रम के पीछे के कारणों की गहराई से पड़ताल करनी होगी। पूरे विश्व में विरोधों का जैसा चरित्र दिख रहा है उसी क्रम में ही इसे देखा जाना चाहिए।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित

**दर्शन**

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मो की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है। चतुर्थ आर्यसत्य दुख निरोध के अष्टांग मार्ग हैं-सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाक, सम्यक कर्मात, सम्यक आजीव, सम्यक व्यायाम, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि।

# अपने बल पर न इतराएं और न दूसरे को कमजोर समझें



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट कर्मचारियों को मिले उचित पेंशन

आजकल एक खबर सुर्खियों में है कि केंद्र सरकार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारी पेंशन योजना के तहत प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन में वृद्धि कर सकती है। अभी यह न्यूनतम पेंशन लगभग 1000 रुपए है। अगर सरकार इस पेंशन को लगभग 7500 रुपए कर देती है तो इससे करोड़ों लोगों को खुशी होगी और इससे इनकी बुढ़ापे में अपने खर्चे की टेंशन कुछ कम होगी। देश के हर कर्मचारी, चाहे वो सरकारी नौकरी का हो या निजी किसानों-संस्थान का, को पेंशन महंगाई के हिसाब से मिलनी चाहिए। 60 वर्ष के बाद तो किसी भी व्यक्ति में इतनी एनर्जी नहीं रह जाती कि वो अपने खर्चे पूरे करने के लिए और कोई नौकरी कर ले या काम धंधा कर ले। *– विवेक जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सबसे बड़ी विशेषता



जब नरेंद्र मोदी जी भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री थे, तब वे अक्सर मध्यप्रदेश आया करते थे। उन्होंने पूरे प्रदेश का व्यापक दौरा किया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वर्षों बाद भी वे उन कार्यकर्ताओं को याद रखते हैं और उन्हें सम्मान देते हैं।

**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**

### बहुत भावुक क्षण



यह एक बहुत ही भावुक क्षण था। असम के कलाकारों ने प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भूपेन दा की 100वीं जयंती समारोह के दौरान भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका दा की कुछ कालजयी रचनाओं का प्रदर्शन किया।

**-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

### राहत पैकेज मिले



बाढ़ ने पंजाब में भीषण तबाही मचाई है। आज घोनेवाल में गांववासियों से मिला - उजड़े आशियाने, बर्बाद खेत, बिखरी ज़िंदगियां। राज्य और केंद्र बिना देरी पीड़ितों राहत पैकेज और मुआवज़ा दें।

**- राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### खेलना सही नहीं



भारत की 26 विवाहित महिलाओं को भारत के कश्मीर में पाकिस्तानियों द्वारा अपने-अपने पतियों की निर्मम हत्या देखने के लिए मजबूर किया गया। भयानक, लेकिन उससे भी भयानक है, तथाकथित कसाइयों पाकिस्तान के साथ बाहर आकर क्रिकेट खेलना।

**- सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता**

## करंट अफेयर


# ट्रंप के प्रतिबंधों से अमेरिका नहीं आ सकेंगे विदेशी छात्र

अफगानिस्तान में लड़कियों के कॉलेज जाने पर तालिबान की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के बाद बहारा सागरी नाम की युवती ने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका जाने के बारे में सोचा। बहारा (21) ने कई वर्षों तक प्रतिदिन आठ घंटे तक अंग्रेजी का अभ्यास किया और आखिरकार उसे इलिनॉय के एक निजी लिबरल आर्ट्स कॉलेज में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई करने का प्रस्ताव मिला। बहारा इस साल अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में थीं लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यात्रा प्रतिबंध के कारण उनका सपना एक बार फिर पूरा नहीं हो पाया। बहारा ने कहा, आपको लगता है कि आखिरकार आप अपने सपने की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन फिर कुछ ऐसा होता है कि जैसे सब कुछ खत्म हो गया हो। ट्रंप प्रशासन ने 19 देशों के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं और इन प्रतिबंधों से हजारों विद्यार्थी प्रभावित हुए हैं, जिनमें से कई ऐसे भी हैं जो अमेरिका आने के लिए काफी समय और पैसा लगाने के बाद अब खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। कुछ विदेशी छात्र इस साल कॉलेजों में प्रवेश के प्रस्ताव मिलने के बावजूद नहीं आ पा रहे हैं क्योंकि वीजा प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त जांच-पड़ताल होने के कारण वीजा मिलने में देरी हो रही है।



## ऑफ बीट

# क्या छोटे व्यायाम सत्र भी उपयोगी हो सकते हैं ?



'माइक्रोडोज़िंग' शब्द की शुरुआत साइकेडेलिक ड्रग्स की बेहद कम मात्रा में सेवन को लेकर हुई थी, जिससे मूड और प्रदर्शन में सुधार हो सके और दुष्प्रभाव कम हों। अब यह शब्द किसी भी चीज़ की अल्प मात्रा में खपत के लाभ को संदर्भित करने लगा है-जिसमें व्यायाम भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति समयाभाव के कारण 30 मिनट की दौड़ नहीं कर सकता, तो छोटे-छोटे व्यायाम सत्र भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। कम से कम कितना चलना जरूरी है ।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम (जैसे कि तेज़ चलना) या 75 मिनट का तीव्र व्यायाम (जैसे दौड़ना) करना चाहिए। यह व्यायाम दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना या टीम स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। साथ ही, मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे भार उठाना या स्प्रिंटिंग) सप्ताह में दो बार करना भी आवश्यक है। क्या घरेलू काम भी व्यायाम है? रोज़मर्रा की गतिविधियां जैसे बच्चों के साथ खेलना या बस स्टॉप तक पैदल जाना भी कुल शारीरिक गतिविधि में योगदान देती हैं। जैसे कि पोछा लगाना आदि मध्यम तीव्रता की गतिविधियों के अंतर्गत आ सकते हैं।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## जम्मू-कश्मीर में हुई है ऐतिहासिक घटना

*श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में एक ऐतिहासिक घटना हुई है। उद्धमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) पर भारतीय सेना की पहली विशेष मालगाड़ी सफलतापूर्वक चली। 12-13 सितंबर 2025 को यह गाड़ी बीडी बारी से अनंतनाग पहुंची। इसमें 753 मीट्रिक टन एडवांस्ड विंटर स्टॉकिंग (एडब्ल्यूएस) सामान लदा था, जो सेना की इकाइयों के लिए था। यह कदम सेना की सर्दियों की तैयारी में क्रांति लाएगा।*

# कश्मीर पहुंची भारतीय सेना की पहली मालगाड़ी, लौटेगी सेब लेकर

**यह कदम सेना की सर्दियों की तैयारी में लाएगा क्रांति ■ यूएसबीआरएल है भारत की एक महत्वाकांक्षी रेल परियोजना**

### यूएसबीआरएल का महत्व

यूएसबीआरएल भारत का एक महत्वाकांक्षी रेल परियोजना है, जो जम्मू को कश्मीर घाटी से जोड़ती है। इसकी कुल लंबाई 272 किलोमीटर है। यह हिमालय के कठिन इलाके से गुजरती है। इसमें दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल चेनाब ब्रिज (359 मीटर ऊंचा) और भारत का सबसे लंबा रेल सुरंग पीर पंजाल (11.215 किमी) शामिल हैं। यह परियोजना 2002 में शुरू हुई और जून 2025 में पूरी तरह चालू हो गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून 2025 को इसकी शुरुआत की, जब वंदे भारत ट्रेन को फ्लैग ऑफ किया गया।

**इस रेल लिंक की यह है विशेषता**

इस रेल लिंक से कश्मीर घाटी बाकी भारत से जुड़ गई, जो सड़कों पर भूस्खलन या बाढ़ से होने वाली परेशानियों को कम करेगी। अगस्त 2025 में पहली मालगाड़ी अनंतनाग पहुंची, जो सीमेंट ले जा रही थी। लेकिन भारतीय सेना की यह गाड़ी पहली विशेष मालगाड़ी है, जो सैन्य और सिविल उपयोग का उदाहरण है।



**सेना को होगी इससे मदद :** 12-13 सितंबर 2025 को चली यह मालगाड़ी बीडी बारी (कटरा के पास) से अनंतनाग पहुंची। इसमें 753 मीट्रिक टन एडब्ल्यूएस सामान लदा था, जैसे राशन, ईंधन, दवाइयां और अन्य जरूरी चीजें। ये सामान जम्मू-कश्मीर में तैनात सेना की इकाइयों के लिए था, ताकि सर्दियों में बर्फीले हिमालयी इलाके में कोई कमी न हो।

**यह होता था पहले**

पहले सेना सड़कों पर ट्रक से सामान भेजती थी, जो भूस्खलन या बर्फबारी से रुक जाती थी। अब रेल से तेज और सुरक्षित तरीके से स्टॉकिंग होगी। यह सेना की क्षमता विकास का हिस्सा है, जो कठिन इलाकों में ऑपरेशनल तैयारी सुनिश्चित करेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह कश्मीर को राष्ट्रीय फ्रेट नेटवर्क से जोड़ने का मील का पत्थर है।

### सिविल-मिलिट्री फ्यूजन कश्मीरी सेब का निर्यात

यह गाड़ी सिर्फ सैन्य उपयोग की नहीं. वापसी में यह कश्मीरी सेब ले जाएगी, जो भारत के बाकी बाजारों में बेचे जाएंगे। यह ड्यूल-यूज लॉजिस्टिक्स का शानदार उदाहरण है। कश्मीरी किसान पहले भूस्खलन या बाढ़ से सड़कें बंद होने पर भारी नुकसान उठाते थे। अब रेल से उनका फल तेजी से बाजार पहुंचेगा, जिससे आर्थिक राहत मिलेगी। यह कदम सेना की राष्ट्र-निर्माण में भूमिका दिखाता है। सेना न सिर्फ रक्षा करती है, बल्कि कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी योगदान दे रही है। रेल इंफ्रास्ट्रक्चर का सैन्य और सिविल उपयोग से क्षेत्र की लचीलापन, कनेक्टिविटी और समृद्धि बढ़ेगी। परियोजना से 5 करोड़ से ज्यादा मैन-डे रोजगार पैदा हुए हैं।

---

## खबर संक्षेप

### अंबानी के वनतारा को मिली क्लीनचिट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गठित विशेष जांच दल ने वनतारा के मामले में अपनी जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी है। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में वनतारा को क्लीन चिट दी है। गुजरात के जामनगर में रिलायंस फाउंडेशन की पशु बचाव, देखभाल और पुनर्वास केंद्र का नाम वनतारा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतोष व्यक्त किया है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत की गई थी और शीर्ष अदालत ने सोमवार को इसका अवलोकन किया। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद एक विस्तृत आदेश पारित करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने भारत एवं विदेशों से जानवरों, विशेष रूप से हाथियों के अधिग्रहण के मद्देनजर कानूनों का पालन न करने के आरोपों पर वनतारा के खिलाफ तथ्यान्वेषी जांच करने के लिए 25 अगस्त को विशेष जांच दल का गठन किया था।

### पाक : बलूच आर्मी ने मारे मेजर समेत कई जवान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के हमले में मेजर सहित पाकिस्तानी सेना के 4 सैनिक मारे गए हैं। बीएलए ने अपने ऑपरेशन में मेजर काकर को निशाना बनाकर आईईडी ब्लास्ट कर उनकी हत्या कर दी। इस हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाकर शक्तिशाली आईईडी बम ब्लास्ट किया गया, इस हमले में पांच सैनिक मारे गए। यह हमला बलूचिस्तान के मांडलो जिले के शांद इलाके में एक सैन्य काफिले में शामिल एक वाहन को निशाना बनाकर किया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि जिस वाहन में सैनिक यात्रा कर रहे थे, उसके पास आतंकवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी के फटने से पांच सैनिक मौके पर ही मारे गए। मृतकों की पहचान कैप्टन वकार काकर, नायक जुनैद, नायक इस्मत, लांस नायक खान मुहम्मद और सिपाही जहूर के रूप में हुई है।

---

**एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने दी चेतावनी**

# 'कोई भी गड़बड़ी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर उन्हें बिहार चुनाव के किसी भी चरण में निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया में कोई भी अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी और उसका अंतिम फैसला केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में एसआईआर पर लागू होगा।' कोर्ट ने बिहार में एसआईआर की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारा मानना है कि संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि वे बिहार में एसआईआर पर आंशिक रूप से राय नहीं दे सकते हैं, क्योंकि उनका अंतिम फैसला पूरे देश पर लागू होगा।



**खास बातें**

- बिहार का फैसला ही पूरे देश पर होगा लागू
- 7 अक्टूबर को होगी इस पर अंतिम सुनवाई
- आरोप : निर्देश के बावजूद नहीं हो रहे आधार स्वीकार

### कठोर शब्दों में दी चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता पाई जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है। पीठ ने स्पष्ट किया कि वो बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में फैसला नहीं दे सकती क्योंकि उसका अंतिम फैसला केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में आयोजित एसआईआर पर लागू होगा।

### निर्देश के बावजूद नहीं हो रहे आधार स्वीकार

यह आदेश उन शिकायतों के बाद आया है कि चुनाव अधिकारी शीर्ष अदालत द्वारा पहले दिए गए निर्देशों के बावजूद आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यद्यपि आधार कार्ड को नागरिकता साबित करने वाला दस्तावेज नहीं माना जा सकता, फिर भी यह पहचान और निवास का वैध प्रमाण बना रहेगा। बिहार में चल रही एसआईआर ड्राइव की विपक्षी दल आलोचना कर रहे हैं। उनका आरोप है कि लाखों वास्तविक मतदाताओं के नाम बिना उचित सत्यापन के मतदाता सूची से हटा दिए जा रहे हैं।

### 7 अक्टूबर को अंतिम बहस

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने ये भी कहा कि वह ये मानता है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी के रूप में भारत का निर्वाचन आयोग एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में एसआईआर अभ्यास की वैधता पर अंतिम बहस सुनने के लिए 7 अक्टूबर की तारीख तय की।

### पिछली सुनवाई में आधार कार्ड को दी थी मान्यता

*सुप्रीम कोर्ट ने 8 सितंबर को आदेश दिया कि बिहार में चल रहे एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए आधार को बारहवें वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। न्यायालय ने ये आदेश उन शिकायतों के बाद दिया, जिनमें कहा गया था कि चुनाव अधिकारी पूर्व निर्देशों के बावजूद इसे मान्यता देने से इनकार कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आधार को औपचारिक रूप से अपनी अनुमोदित पहचान प्रमाण सूची में शामिल करने के खिलाफ भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की आपत्तियों को खारिज कर दिया, इस बात पर जोर दिया कि हालांकि ये दस्तावेज नागरिकता स्थापित नहीं कर सकता, लेकिन ये पहचान और निवास का एक वैध संकेतक बना हुआ है।*

---

**संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन**

# मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर में अनुकरणीय भूमिका के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। मोदी ने यहां विजय दुर्ग (पूर्व में फोर्ट विलियम) स्थित भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में तीन दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद 'भारतीय सशस्त्र बल विजन 2047'' दस्तावेज भी जारी किया। बयान में कहा गया है कि यह दस्तावेज भविष्य के लिए तैयार भारतीय सशस्त्र बलों का मार्ग प्रशस्त करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में शामिल हुए, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस तरह का पहला सम्मेलन है।

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र – 03

उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट) शाखा – भोपाल

निविदा क्रमांक: BPL-PROJECT-EPC-2025-02 प्रकाशन दिनांक:15.07.2025

निविदा कमांक: BPL PROJECT-EPC-2025-02 प्रकाशन दिनांक:15.07.2025 हेतु IREPS Portal पर शुद्धिपत्र–03, दिनांक: 12.09.2025 को प्रकाशित किया गया है। पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in", पर उपलब्ध है। कृपया उक्त वेबसाइट को आगे की सूचना विजिट करें।

हस्ता.
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट)
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

---

**सुशीला कार्की के फैसले से भड़के जेन जेड**

# 'जैसे कुर्सी पर बिठाया वैसे ही हटा भी सकते हैं'

**मंत्रिमंडल का गठन मनमाने तरीके से करने का लगाया आरोप**

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में जेन जी Z आंदोलनकारियों ने तख्तापलट कर दिया है। यहां प्रदर्शन खत्म होने के बाद चुनी हुई नेता के तौर पर सुशीला कार्की का नाम सामने आया और वो अंतरिम प्रधानमंत्री बनी। वहीं जैसे ही सुशीला कार्की ने प्रधानमंत्री का पद संभाला, अब जेन जेड प्रदर्शनकारी उनसे भी नाराज हो गए। इस आंदोलन का प्रमुख चेहरा बने सामाजिक कार्यकर्ता सुदन गुरुंग ने बड़ी मांग की है। सुदन गुरुंग के नेतृत्व वाला एक युवा समूह रविवार को अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के बलुवतार स्थित आवास के बाहर देर रात तक प्रदर्शन करता रहा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि मंत्रिमंडल का गठन मनमाने तरीके से किया गया है और उन्होंने कार्की से इस्तीफे की मांग की। खासतौर पर उन्होंने ओम प्रकाश आर्यल को गृह मंत्री बनाए जाने का विरोध किया।



### पीएम आवास के बाहर हुआ प्रदर्शन

रविवार रात प्रधानमंत्री आवास के बाहर जुटे सुदन गुरुंग के समर्थकों ने ओम प्रकाश आर्यल को गृह मंत्री बनाए जाने पर नारेबाजी की। उनका कहना था कि इतने अहम पद पर किसी 'बाहरी सूत्रधार' को क्यों बैठाया गया। सूत्रों के मुताबिक, ग्रुप ने चेतावनी दी कि मौजूदा आंदोलन को रास्ते से भटकाया जा रहा है और अपील की कि कोई भी इसे अपने हित में इस्तेमाल न करे। सूडान गुरुंग ने अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को सीधे संदेश देते हुए कहा, 'आपको प्रधानमंत्री बनाने में हमारा ही हाथ था, और अगर हालात ऐसे ही रहे तो आपको हटाने की ताक़त भी हमारे पास है।'

### पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री हैं कार्की

पिछले शुक्रवार को सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं। यह फैसला उस समय आया जब सोशल मीडिया बैन के खिलाफ देशभर में भड़के आंदोलन के चलते के.पी. शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता खत्म हुई। कार्की का चयन राष्ट्रपति पौडेल, सेना के शीर्ष अधिकारियों और सरकार विरोधी प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रहे युवाओं के बीच हुई बैठक के बाद किया गया।

---

सत्यमेव जयते

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों, विमुक्त घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगरों की श्रेणी से संबंधित कम आय वाले छात्रों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत विदेशों में मास्टर्स और पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए चयन वर्ष 2025-26 के दूसरे दौर के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए एनओएस पोर्टल खोला जाएगा।

आवेदन आमंत्रित करने के लिए पोर्टल दिनांक 15-09-2025 से 24-10-2025 तक खुला रहेगा और उसके बाद पोर्टल को केवल आवेदनों में सुधार करने के लिए 26-10-2025 से 29-10-2025 तक पुनः खोला जाएगा।

फॉर्म भरने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे फार्म भरने से पहले स्कीम के दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी पात्रता की जांच कर लें।

पोर्टल का लिंक www.nosmsje.gov.in है।

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

CBC 38101/11/0020/2526

### एमपी पुलिस में बंपर भर्ती मांगे जा रहे हैं आवेदन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड (एमपीईएसबी) ने पुलिस विभाग में 7,500 रिक्तियों पर भर्ती अभियान शुरू किया है। यह भर्ती कांस्टेबल, सब-इंस्पेक्टर, सूबेदार, असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर और स्टेनोग्राफर के पदों पर होगी। पंजीकरण की प्रक्रिया 15 सितंबर 2025 से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट esb.mp.gov.in पर शुरू होगी। पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 29 सितंबर 2025 है। यदि उम्मीदवार फॉर्म में कोई गलती ठीक कराना चाहते हैं, तो करेक्शन विंडो 15 सितंबर से 4 अक्टूबर तक खुली रहेगी। अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों का कम से कम आठवीं पास, तो वहीं अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों का दसवीं पास होना जरूरी है।



## खबर संक्षेप

### 26 अक्टूबर से चालू होगा दिल्ली हवाई अड्डे का टर्मिनल-2



**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे का उन्नत टर्मिनल-2 अगले महीने की 26 तारीख से चालू हो जाएगा। इससे कुल वार्षिक यात्री क्षमता 10 करोड़ हो जाएगी। राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) में तीन टर्मिनल - टी1, टी2 और टी3 हैं। यह देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है।

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 88.20 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद छह पैसे बढ़कर 88.20 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी व्यापार शुल्क को लेकर चिंताओं और फेडरज रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच रुपया 'फंसा' रहा। नियंत्रित करने और इसके त्वरित अवमूल्यन को रोकने में मदद मिली है।

### जेडी केबल्स का आईपीओ बृहस्पतिवार को खुलेगा




**नई दिल्ली।** केबल और कंडक्टर बनाने वाली कंपनी जेडी केबल्स ने सोमवार को कहा कि उसका 95.99 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 सितंबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत मूल्य दायरा 144-152 रुपये प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ 22 सितंबर को बंद होगा।

# अब नहीं पड़ेगी एटीएम की जरूरत, फोन पर एक स्क्रैन से निकाल सकेंगे कैश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब स्मार्टफोन से कैश निकालना और आसान होने जा रहा है। देश में हर जगह इस्तेमाल होने वाला यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस), जो अभी तक पैसे भेजने, बिल चुकाने और ऑनलाइन खरीदारी के लिए इस्तेमाल होता है। अब कैश विड्रॉल के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

- क्यूआर कोड स्कैन कर निकाल पाएगे राशि

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) अब क्यूआर कोड स्कैन कर कैश निकालने की सुविधा भी शुरू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए लाखों बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसीएस), जैसे कि किराना दुकानदार या छोटे सर्विस प्वाइंट, क्यूआर कोड देंगे। ग्राहक अपने मोबाइल में किसी भी यूपीआई ऐप से कोड स्कैन करके नकद निकाल पाएंगे।

## एनपीसीआई करने जा रहा बड़ी तैयारी

### आरबीआई से मांगी अनुमति

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जो देश में रिटेल पेमेंट्स और सेटलमेंट सिस्टम चलाने वाली संस्था है) ने आरबीआई से अनुमति मांगी है कि यूपीआई के जरिए नकद निकासी की सुविधा बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसी) पर भी दी जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, एनपीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह सुविधा अभी योजना के स्तर पर है और इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

### अभी क्या विकल्प मौजूद हैं

फिलहाल ग्राहक बीसी के पास मौजूद माइक्रो-एटीएम मशीनों से एटीएम कार्ड डालकर पैसा निकाल सकते हैं। लेकिन यह तरीका बहुत कम इस्तेमाल होता है।





*नकदी निकासी आसान होगी : सरकार और बैंकिंग सेक्टर यूपीआई से नकद निकासी को और आसान बनाने पर काम कर रहे हैं। जब कोई ग्राहक बीसी आउटलेट पर जाएगा, तो वह यूपीआई से क्यूआर कोड स्कैन करेगा। ग्राहक के खाते से उतनी रकम डेबिट हो जाएगी। उतनी ही रकम बीसी के खाते में क्रेडिट हो जाएगी। उसके बाद बीसी ग्राहक को नकद कैश दे देगा।*

### बीसी कौन होते हैं

ये छोटे-छोटे केंद्र या लोग होते हैं जो अक्सर दूरदराज या बैंकिंग सुविधाओं से वंचित इलाकों में रहते हैं और बैंक शाखाओं का एक्सटेंशन बनकर काम करते हैं। यानी ये लोगों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में मदद करते हैं। बता दें कि एनपीसीआई ने ही साल 2016 में यूपीआई को बनाया और लांच किया था।

### अभी कुछ चुनिंदा दुकानदारों से संभव

बता दें कि आज की तारीख में यूपीआई से कार्डलेस कैश निकासी सिर्फ उन्हीं एटीएम (जो यूपीआई-एनेबल हैं) या कुछ चुनिंदा दुकानदारों से ही संभव है। वहां भी एक सीमा है। जैसे कि शहरों और कस्बों में हर ट्रांजैक्शन पर सिर्फ 1,000 रुपए तक नकद मिल सकता है। ग्रामीण इलाकों में यह सीमा 2,000 रुपए तक है। अब योजना बनाई जा रही है कि इस सुविधा को पूरे देश के 20 लाख से ज्यादा बिजनेस करेसपॉन्डेंट्स (बीसी) तक फैलाया जाए।

## वित्त मंत्री ने जारी की नीति आयोग की रिपोर्ट

# नियामकीय उपायों से नवोन्मेषण को बढ़ावा मिलना चाहिए : सीतारमण

**एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती है**

**सरकार जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को ऐसे नियामकीय उपायों की जरूरत पर जोर दिया, जो तकनीकी नवोन्मेषण, विशेष रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें, न कि उसे हतोत्साहित करें। उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट 'विकसित भारत के लिए एआईः तेज आर्थिक वृद्धि के अवसर' जारी करते हुए यह बात कही।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार न केवल एआई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उनका जिम्मेदारीपूर्ण इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''हम ऐसे नियामकीय उपाय नहीं चाहते हैं, जो सचमुच तकनीक को ही खत्म कर दें। हम ऐसे नियमन चाहते हैं जो जिम्मेदार अनुप्रयोग को बढ़ावा दें।''

### चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं

सीतारमण ने कहा, ''एआई तेजी से बढ़ रही हमारे वक्त की सच्चाई है। इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें, क्योंकि एआई की अपनी चुनौतियां भी हो सकती हैं।'' सीतारमण ने आगे कहा कि चुनौतियां सिर्फ नौकरियों में ही नहीं हैं, बल्कि इस बात को लेकर भी हैं कि इनका दुरुपयोग कैसे रोका जाए।

### एआई को काबू में रखना आना चाहिए

*वित्त मंत्री ने कहा, ''भारत एक ऐसा देश है, जो किसी भी आने वाली अच्छी चीज को समझ सकता है, लेकिन कोई भी अच्छाई पूरी तरह अच्छी नहीं होती। कोई भी अच्छाई बिना शर्त नहीं होती। हमें इसका इस तरह इस्तेमाल करना चाहिए कि यह आम आदमी के हित में हो।'' उन्होंने कहा कि एआई एक ऐसी चीज है, जिसे हमें अपने काबू में रखना आना चाहिए और इसे आम आदमी की भलाई के लिए काम करना चाहिए।*

**कहा, एआई को जिम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें**

### पीएम के मार्गदर्शन में आई तेजी

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एआई और इससे जुड़े मामलों में तेजी आई है और नीति आयोग इस संबंध में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।



### एआई से शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने की योजना

सीतारमण ने कहा कि एआई मौजूदा शहरी क्षेत्रों को बेहतर बनाने और नए शहरी केंद्रों की योजना बनाने के लिए समाधान खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। भारत के सभी जिलों में एआई-समर्थित प्रौद्योगिकी को अपनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ''मैं चाहूंगी कि सभी जिले नवाचार और वृद्धि की कहानी बनकर उभरें।'



### एआई की कई नई भूमिका तैयार

रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर एआई कई नई भूमिकाएं तैयार करेगा, वहीं दूसरी ओर यह कई मौजूदा नौकरियों को भी विस्थापित भी करेगा। विशेष रूप से लिपिकीय और निम्न कौशल वाले क्षेत्रों में ऐसा होगा। उन्होंने एक संतुलित दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यक निगरानी सुनिश्चित करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है। इससे बहुत अधिक नियमन को रोकने में मदद मिलती है।

### हम नैतिकता से पीछे न हटें

वित्त मंत्री ने कहा कि एआई तेजी से प्रगति कर रहा है और इसलिए हम सभी को सचेत रहना होगा कि हम नैतिकता से पीछे न हटें। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है, तो नियमन भी तेजी से होना चाहिए।

# बैंकों की ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत रहने का अनुमान : क्रिसिल

एजेंसी ⏭ मुंबई

घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने सोमवार को कहा कि बैंकों की ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में तेजी पकड़ेगी और समूचे वित्त वर्ष में यह लगभग 12 प्रतिशत तक रह सकती है।



- ऋण वृद्धि दूसरी छमाही में तेजी पकड़ेगी
- खुदरा ऋण मुख्य भूमिका निभाएगी

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में बैंकों के कर्ज वितरण को बढ़ाने में खुदरा ऋण मुख्य भूमिका निभाएगा जबकि कॉरपोरेट ऋण की वृद्धि अपेक्षाकृत धीमी रहेगी। इसके साथ ही क्रिसिल ने कुछ चिंताओं की ओर भी इशारा किया है। परिवारों के जमा अंशदान में गिरावट आने से जमा स्थिरता पर असर पड़ सकता है और छोटे व्यवसायों को दिए जाने वाले कर्ज संपत्ति गुणवत्ता के लिए चुनौती हो सकते हैं।

क्रिसिल के मुख्य रेटिंग अधिकारी कृष्णन सीतारमण ने कहा, ''पहली तिमाही में ऋण वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत रही, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत के करीब पहुंच चुकी है लेकिन यह अब भी धीमी है।

**घरों का जमा योगदान पिछले पांच वर्षों में घटा**

*रेटिंग एजेंसी ने जमा स्थिरता पर कहा कि घरों का जमा योगदान पिछले पांच वर्षों में 64 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत रह गया है। हालांकि, प्रणालीगत तरलता बढ़ाने वाली नीतियों के कारण अपेक्षित ऋण वृद्धि के लिए पर्याप्त जमा उपलब्ध रहेगा।*

### चांदी 300 रुपए बढ़कर नए शिखर पर, सोना रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से 500 रुपये घट गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला मानक सोना सोमवार को 500 रुपये गिरकर 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जिससे इसकी चार दिनों की बढ़त का सिलसिला टूट गया।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में आई गिरावट

एजेंसी ⏭ मुंबई




- सेंसेक्स 119 और निफ्टी 45 अंक टूटा
- आईटी और वाहन शेयरों में हुई मुनाफावसूली

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 119 अंक के नुकसान में रहा और एनएसई निफ्टी में भी आठ कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले आईटी तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और यह 118.96 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 44.80 अंक की गिरावट के साथ 25,069.20 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशकों को इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का इंतजार है। इससे वे बाजार से दूर रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

**फेड की बैठक से पहले निवेशक सतर्क :** जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने के कारण प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर रहे। इसके अलावा, पिछले सप्ताह की तेजी के बाद आईटी सूचकांक में मुनाफावसूली देखी गई।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। जापान का शेयर बाजार अवकाश के कारण बंद रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था।

### इंडिगो एथेंस के लिए जनवरी से सीधी उड़ानें शुरू करेगी




**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने सोमवार को कहा कि वह अगले साल जनवरी से एथेंस, ग्रीस के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइन ने कहा कि वह इसके लिए अपना पहला एयरबस ए321 एक्सएलआर विमान तैनात करेगी, जिसकी आपूर्ति इस साल के अंत तक होने वाली है।

# बेरोजगारी दर लगातार दूसरे महीने घटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर में लगातार दूसरे महीने कमी आई है। अगस्त में यह घटकर 5.1 प्रतिशत रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण जुलाई में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत रही थी। मई और जून दोनों में यह 5.6 प्रतिशत थी। मई 2025 में जारी पहले पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी।



- अगस्त में 5 .1 प्रतिशत पर : सरकारी सर्वेक्षण
- 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के बेरोजगारी दर में आई कमी

*श्रमिक जनसंख्या अनुपात में हुआ सुधार : महिलाओं में श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में लगातार दो महीनों से वृद्धि देखी गई है और यह अगस्त में बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया जो जून में 30.2 था। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में डब्ल्यूपीआर में वृद्धि से समग्र श्रमिक जनसंख्या अनुपात में सुधार हुआ है ।*

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कार्यालय नगर पंचायत पटना जिला-कोरिया (छ.ग.)**
Email.idcmonppatna@gmail.com

क्रमांक / 1264 / लो.नि.वि./ न.पं. / 2025 पटना, दिनांक: 15/09/2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत पटना द्वारा अध्यक्ष / पार्षद / निकाय निधि अंतर्गत एकीकृत पंजीयन अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से लोक निर्माण विभाग भवन / सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2015 (PWD BUILDING SOR) एवं 01.01.2025 (PWD ROAD SOR) से प्रभावशील निविदा प्रपत्र (ए) में वर्तमान संशोधन से कम/अधिक प्रतिशत / एस.ओ.आर. दर पर मुहरबंद लिफाफे में त्रि-लिफाफा पद्धति से पंजीकृत डाक / स्पीड द्वारा अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है-

01. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी :- 08/10/2025 समय 3:00 बजे तक।
02. पात्र/अपात्र सूची जारी दिनांक 13/10/2025
03. निविदा प्रपत्र डाक से प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 15/10/2025 समय 3:00 बजे तक
04. प्राप्त निविदा खोलने की तिथि 15/10/2025 समय 4:00 बजे शाम

उपरोक्तानुसार कार्य की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत पटना के नोटिस बोर्ड पर एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है।

**शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग प्रदान करें**

''स्वच्छ नगर, स्वच्छ पटना सम्पूर्ण कर समय पर अदा करें''

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पचायत पटना, जिला कोरिया (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**
Ph 07815-239299, Pin 495452, e-mail dipkacmo@rediffmall.com

क्रमांक/1869/निर्माण/न.पा.प./2025 दीपका, दिनांक: 15.09.2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य करने हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।


| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 10 अटल परिसर के पास पाथवे निर्माण कार्य। (निकाय निधि) | 11.16 | 07.10.2025 (T.No. 175238) | अमानत राशि, प्रोसेसिंग शुल्क, शपथ पत्र एवं दस्तावेजों को बंद लिफाफा में पंजीकृत डॉक से जमा करने की अंतिम तिथि 14.10.2025 सायं 4.00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 14.10.2025 सायं 4.30 बजे से नियत है। |

उपरोक्त निर्माण कार्य की जानकारी ई-प्रोक्योरमेट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in/uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

''नगर पालिका के करों का भुगतान समय-सीमा में अवश्य करें''

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## शब्द पहेली - 5990



**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

**शब्द पहेली-5989 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6000

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल- 5999 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# अंतरिक्ष में अमेरिका ने बिछाया सबसे बड़ा जाल, छठवें स्थान पर है भारत का नाम

नई दिल्ली। अंतरिक्ष आज सिर्फ विज्ञान की नहीं बल्कि शक्ति, रणनीति और टेक्नोलॉजी के प्रदर्शन की भी जगह बन गयी है। नेविगेशन से लेकर कम्युनिकेशन, वेदर फॉरकास्ट से लेकर मिलिट्री सर्विलांस तक देशों के बीच इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। 2025 तक किस देश ने स्पेस में कितने सेटेलाइट लगाए हैं, इसका खुलासा हाल ही में जारी किए गए सेटेलाइट रजिस्ट्री आंकड़ों से हुआ। यहां आप टॉप 5 देशों में जान सकते हैं।



### अमेरिका

अमेरिका खुद को सबसे ताकतवर देश बताता है। इसकी एक बड़ी वजह स्पेस में 8,530 से ज्यादा इसके सेटेलाइट्स की उपस्थिति भी है। स्पेस में सबसे अधिक सेटेलाइट अमेरिका के हैं। इनमें से 7000 हजार के लगभग सेटेलाइट्स स्पेसएक्स प्राइवेट कंपनी की है। अमेरिका सेना, विज्ञान और व्यापार से जुड़े सर्विलांस के लिए इसका इस्तेमाल करता है।

### रूस

दूसरे स्थान पर रूस है, जिसके पास लगभग 1,559 सैटेलाइट्स हैं। इनका उपयोग कम्यूनिकेशन, रिमोट सेंसिंग, और मिलिट्री सर्विलांस के लिए होता है। रूस इसकी संख्या को आने वाले दशकों बढ़ाने और अमेरिका पछाड़ने की कोशिश में लगातार लगा हुआ है।



### जापान

2025 तक जापान के 203 सैटेलाइट ओरबीट में घूम रहे हैं। ये सैटेलाइट क्वासी-जेनिथ सिस्टम से नौवहन, पृथ्वी अवलोकन, विज्ञान और सरकारी कामों में मदद करते हैं। जापान की प्राथमिकता विश्वसनीयता और नवाचार है, जिससे वह कई क्षेत्रों में मजबूत और उन्नत तकनीक विकसित कर रहा है।

### चीन

स्पेस में चीन के लगभग 906 सैटेलाइट्स चक्कर काट रहे हैं। ये सैटेलाइट नेविगेशन, संचार, निगरानी और रक्षा जैसे काम करते हैं। चीन हर साल लगातार सैटेलाइट लॉन्च कर रहा है, जिससे वह अंतरिक्ष में अमेरिका और रूस जैसी ताकतों को टक्कर दे सके।

### यूके

ब्रिटेन के पास 763 सैटेलाइट हैं, जो इसे दुनिया में चौथा स्थान दिलाते हैं। ये सैटेलाइट खुफिया, निगरानी, संचार, विज्ञान और व्यापार जैसे कई कामों में इस्तेमाल होते हैं। इससे पता चलता है कि यहां सरकार और निजी कंपनियां, दोनों ही अंतरिक्ष क्षेत्र में काफी एक्टिव हैं।



### भारत

भारत 136 उपग्रहों के साथ 2025 तक अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा सैटेलाइट वाले देशों में छठवें स्थान पर है। ये सैटेलाइट्स इसरो, विश्वविद्यालयों और निजी कंपनियों के हैं। यह भारत की अंतरिक्ष तकनीक में बढ़ती क्षमता और वैश्विक स्तर पर उसकी मजबूत होती मौजूदगी को दर्शाता है, जो लगातार प्रगति का संकेत है।

## रोचक खबरें



### बेबी जेब्रा की मां नहीं थी, तो केयरटेकर ने दिखाया मम्मी वाला दुलार


**नैरोबी।** इंसान और जानवर के बीच गहरा रिश्ता है। जब कोई इंसान किसी जानवर को पालता-पोसता या उसकी देखभाल करता है, तो दोनों के बीच प्यार और विश्वास की बॉन्डिंग बन जाती है। अब एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है, जिसमें इंसान और जानवर के बीच ऐसी ही बॉन्डिंग देखी जा रही है। यह वीडियो केन्या के शेल्ड्रिक वाइल्डलाइफ ट्रस्ट में एक अनाथ जेब्रा का है। यहां उसे एक केयरटेकर ने उसे मां की तरह प्यार दिया है। इस खूबसूरत और भावुक पल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद किसी का मन भावुक हो जाएगा, हालांकि, जिस-जिसने भी यह वीडियो देखा है, वो इमोशनल हो गया है। वीडियो में बोंबी नामक जेब्रा दिख रही है और जिसकी देखभाल उसका केयरटेकर पीटर कर रहा है। बोंबी एक अनाथ है और पीटर के अलावा उसका इस दुनिया में कोई नहीं है। ऐसे में पीटर अपनी बोंबी को मां वाला प्यार देता है। ऐसे में बोंबी भी पीटर में मां का प्यार महसूस कर रही है। पीटर ने जेब्रा लुक में कपड़े पहने हुए है और बोंबी को अपने हाथों से सहला रहा है। गौरतलब है कि मौजूदा साल की शुरुआत में ही बोंबी का अच्छे से पालन पोषण कर उसे बचाया गया था।

### पति पर गिर गई उसकी 128 किलो की पत्नी, मौके पर ही हुई मौत



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद शहर में हाल ही में एक ऐसा हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके के लोगों को हैरान और दुखी कर दिया। यह घटना राजकोट के रामधाम सोसायटी की है, जहां एक परिवार में अचानक ऐसी अनहोनी हुई, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। हादसे में 68 साल के नटवरलाल नामक बुजुर्ग की जान चली गई और उनकी पत्नी मंजुला गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना सुबह करीब चार बजे की है। उस समय परिवार में अफरा-तफरी का माहौल था, क्योंकि उनके बेटे आशीष को अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। बेटे की तबीयत खराब देख उसकी मां मंजुला बहुत घबरा गईं। वह जल्दी-जल्दी सीढ़ियां चढ़कर ऊपर जा रही थीं, ताकि बेटे की मदद कर सकें। लेकिन, इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह संतुलन खो बैठीं। मंजुला का वजन लगभग 128 किलो था। ऐसे में जब उनका पैर फिसला तो वह जोर से सीधा अपने पति नटवरलाल के ऊपर आ गिरीं। यह गिरना इतना अचानक और जोरदार था कि नटवरलाल को संभलने का मौका तक नहीं मिला। भारी वजन के कारण उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद परिवार के लोग तुरंत घबरा गए और दोनों को फौरन नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने नटवरलाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मंजुला को भी चोटें आईं और उन्हें उपचार दिया गया।

### सांप और नेवले में क्यों होती है दुश्मनी जानिए सदियों पुरानी इस लड़ाई की वजह



**नई दिल्ली।** सांप और नेवले की दुश्मनी का जिक्र आपने कई लोककथाओं, कहानियों और किस्सों में जरूर सुना होगा। इन दोनों के बीच की अनबन इतनी मशहूर है कि जब भी नेवला किसी सांप से भिड़ता है, उसे देखकर लोग रुक जाते हैं। पर क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर दोनों के बीच इतनी गहरी दुश्मनी क्यों है और इस लड़ाई में किसका पलड़ा भारी रहता है? आइए, इस रोचक कहानी को विस्तार से समझते हैं। दरअसल, सांप और नेवले की दुश्मनी कोई आज की नहीं है, बल्कि ये लाखों साल पुरानी है। जंतु विशेषज्ञ बताते हैं कि दोनों के बीच इस दुश्मनी की मुख्य वजह है उनका स्वभाव और उनकी आहार श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा। नेवला एक छोटा, लेकिन बेहद फुर्तीला और सतर्क शिकारी है। उसे सांप खाने में विशेष रुचि होती है, खासकर विषैले सांपों को। दूसरी ओर, सांप जंगल में शीर्ष शिकारी है, जो चूहों, मेढकों, छिपकलियों और अन्य छोटे जीवों का शिकार करके अपना पेट भरता है। इसीलिए, जब एक नेवला सांप पर हमला करता है, तो दोनों की एक-दूसरे से टक्कर तय होती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि नेवले में एक खास प्रकार की इम्यूनिटी होती है, जो उसे सांप के ज़हर से बचाती है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, नेवले के शरीर में एसीटाइलकोलाइन रिसेप्टर्स होते हैं, जो सांप के ज़हर को प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर देते हैं। इसीलिए, ज़हरीले सांप जैसे कि कोबरा के काटने के बावजूद भी नेवला अक्सर बच जाता है। यही वजह है कि नेवले को सांप से डर नहीं लगता, बल्कि वह उस पर सीधे हमला करता है।

# 21 सितंबर को लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण, आसमान में दिखेगा अद्भुत नजारा

वॉशिंगटन। खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों के लिए आने वाला वीकएंड खास होने जा रहा है। दुनियाभर के स्काईवॉचर इस साल के आखिरी सूर्य ग्रहण का जादू देखने के लिए तैयार हैं। साल का बहुप्रतीक्षित आखिरी सूर्य ग्रहण 21 सितंबर को लगने वाला है। यह आगामी ग्रहण विशेष महत्व रखता है। यह ग्रहण ठीक उस समय लगेगा, जब दुनियाभर में दिन और रात तकरीबन बराबर समय के होते हैं। हालांकि, रात का समय होने की वजह से यह भारत में नहीं दिखेगा।21 सितंबर के सूर्य ग्रहण के दौरान चंद्रमा सूर्य को आंशिक रूप से ढक लेगा। इससे एक शानदार नजारा बनेगा। हालांकि, पूरी तरह से अंधेरा नहीं होगा। यह सूर्य ग्रहण खासतौर से दक्षिणी गोलार्ध में दिखाई देगा। न्यूजीलैंड, पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों और अंटार्कटिका के क्षेत्रों में इसका सबसे अच्छा दृश्य दिखाई देगा। इन क्षेत्रों में चंद्रमा सूर्य के 72 फीसदी तक हिस्से को ढक लेगा। इससे सूर्य आसमान में रहस्यमयी अर्धचंद्राकार चमक से भर जाएगा।


## भारत और उत्तरी गोलार्ध के देश नहीं देख सकेंगे



इस सूर्य ग्रहण को भारत और उत्तरी गोलार्ध के देश नहीं देख सकेंगे। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, अफगानिस्तान में सूर्य ग्रहण नहीं दिखेगा। दक्षिण और उत्तरी अमेरिका के महाद्वीपों में भी ये आंशिक सूर्य ग्रहण नहीं दिखेगा। दक्षिणी गोलार्ध के समुद्री क्षेत्रों और छोटे द्वीपीय देशों में इस सूर्य ग्रहण का सबसे अच्छा दृश्य दिखाई देगा।

### क्यों होता है सूर्य ग्रहण

सूर्य ग्रहण का होना एक वैज्ञानिक घटना है। सूर्य ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच आ जाती है, जिससे पृथ्वी की सतह के कुछ हिस्सों पर छाया बनती है। यह सूर्य ग्रहण सितंबर के आखिरी दिनों में पड़ रहा है। यह ऐसा समय है, जब दिन और रात लगभग बराबर होते हैं। यह संयोग इस सूर्य ग्रहण में लोगों की दिलचस्पी को और बढ़ा रहा है।




### यहां दिखेगा सूर्यग्रहण

यह सूर्य ग्रहण न्यूजीलैंड, ईस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, साउथ पैसिफिक आइसलैंड, अंटार्कटिका की कुछ जगहों पर देखा जाएगा। भारत में भले ही यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा लेकिन ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग या खगोल विज्ञान से जुड़ी प्रसारण सेवाओं के जरिए इसे देख सकते हैं। यह लाइव स्ट्रीमिंग वैज्ञानिक अध्ययन में भी मददगार साबित होगी।

# क्या मंगल ग्रह पर कभी रहते थे लोग? इन 5 जगहों पर मिल सकता है सबसे बड़ा सबूत

**नई दिल्ली।** मंगल ग्रह, ये वो ग्रह है जिसपर वैज्ञानिकों की दिलचस्पी आए दिन बढ़ती जा रही है कि यहां जीवन संभव है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मंगल ग्रह पर कुछ खास जगहें हैं जहां अरबों साल पहले जीवन मौजूद रहा होगा। इन्हीं जगहों पर जीवन के सबसे अच्छे सबूतों के मिलने की उम्मीद है। आइए जानते हैं उन 5 जगहों के बारे में जहां मंगल पर जीवन के होने की उम्मीद है। 2024 में नासा के पर्सिवियरेंस मार्स रोवर को जेजेरो क्रेटर में एक सूखी नदी के तल पर कुछ नमूने मिले हैं, जिनका वैज्ञानिक अभी भी अध्ययन कर रहे हैं।



### गेल क्रेटर

मंगल ग्रह पर गेल क्रेटर 154 किमी चौड़ा इलाका है जिसकी खोज नासा के क्यूरियोसिटी रोवर 2012 से कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यहां 3.8 अरब साल पहले मीठे पानी की झील थी, जिसका पानी बहुत तेजी से बहता था।

### जेजेरो क्रेटर

नेचर पत्रिका में छपी नई रिसर्च के मुताबिक जेजेरो क्रेटर में मिली एक चट्टान में ऐसे रासायनिक संकेत मिले हैं जो जीवन से जुड़े हो सकते हैं। इस चट्टान का नाम सैफायर कैन्यन है और यह सूखी नदी के तल में चेयावा फॉल्स से ली गई थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि नेरेत्वा वैलिस नदी चैनल जैसी कुछ जगहों पर मंगल पर जीवन की उम्मीद सबसे ज्यादा है।

### मंगल पर जीवन के सबूत

हाल ही में नासा ने खुलासा किया है कि उस मंगल ग्रह पर जीवन के सबसे बेहतरीन सबूत मिले हैं। ऐसा माना जाता है कि मंगल पर अरबों साल पहले जीवन मौजूद था। कई सालों से दुनिया भर के वैज्ञानिक इसपर शोध में जुटे हैं और रोवर्स की मदद से ये जानने की कोशिश कर रहे हैं।

### मंगलसूत्र से सिंदूर तक पति ने किया इंतजाम फिर पत्नी की प्रेमी से शादी कराई

**अमेठी।** छह महीने पहले हमारी शादी हुई थी, लेकिन पत्नी इस शादी से खुश नहीं थी, वो बार-बार अपने मायके जाती थी। ऐसे में मैंने अपनी पत्नी की शादी उसके ब्वॉयफ्रेंड से करा दी। यह कहना है दीना का पुरवा सिंदूरवा गांव निवासी शिवशंकर का। 25 वर्षीय शिवशंकर ने बताया कि 2 मार्च, 2025 को उसकी शादी उमा प्रजापति (22) से हुई थी। लेकिन, शादी के बाद जब उसे अपनी पत्नी के अफेयर के बारे में पता चला तो उसने खुद ही अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी विशाल से करा दी। शिवशंकर ने इसके लिए सबसे पहले अपनी पत्नी के प्रेमी विशाल को इस शादी के लिए राजी किया। फिर खुद ही पंडित बुलाया, मंगलसूत्र और सिंदूर के साथ-साथ वरमाला का भी इंतजाम किया. इसके बाद मंदिर में विशाल और उमा की शादी करावा दी। पति द्वारा पत्नी की शादी करना का यह अजीबो-गरीब मामला अमेठी जिले के कमरौली थाना क्षेत्र के दीना का पुरवा गांव से सामने आया है। यह मामला अब गांव में ही नहीं, बल्कि पूरे अमेठी जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।



#### पत्नी का मायके आना-जाना लगातार बना रहा

2 मार्च 2025 को शिवशंकर की शादी उमा प्रजापति से हुई थी। उमा शुरू से ही इस रिश्ते से असंतुष्ट थी,क्योंकि शिवशंकर बेरोजगार था। शादी के महज 15 दिन बाद ही उमा अपने मायके चली गई थी. कुछ दिनों बाद शिवशंकर उसे विदा कराके वापस ले गया। लेकिन, उमा का मायके आना-जाना लगातार बना रहा। ससुराल पक्ष को यह बात खटकने लगी और जब पड़ोसियों से पूछताछ की गई तो उमा के अफेयर का खुलासा हुआ।

### चांद के बिना नहीं बचेगा धरती का वजूद! रोशनी नहीं सांसों के लिए भी जरूरी

**वॉशिंगटन।** चांद को लोगों ने अपने-अपने हिसाब से प्रदर्शित किया है। किसी के लिए चांद मामा है तो किसी के लिए महबूब, चांद हमारे जीवन के लिए भी काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसका हमारे जीवन पर कई तरह से प्रभाव पड़ता है, आलम ऐसा है कि चांद के बिना धरती पर रहने वाले लोग जीवित नहीं रहेंगे, क्योंकि चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण जलवायु, हमारे दिनों की लंबाई को प्रभावित करता है।

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर 19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष 0771-2331524, फैक्स-0771-2331525, 2446556
वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/2101/4622/2025/EXAM/1016 नवा रायपुर दिनांक 12 .09 .2025

**व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा 2024**

व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा 2024 दिनांक 21.09 .2025 को जिला बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है :-

| DATE | DAY | TIME |
|---|---|---|
| 21.09 .2025 | SUNDAY | 10 .00 AM TO 12 .00 PM |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र दिनांक 09 .09 .2025 को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www .psc .cg .gov .in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। आयोग द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र व्यक्तिशः नहीं भेजा जाएगा।

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर

जी. 252603486/2

**Directorate of Urban Administration & Development Technical Cell, Indravati Bhawan, Nava Raipur (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No:- TC/UAD/2025/7898 Raipur, Dated:- 11.09.2025

| SN | System Tender No. | Name of Work/ Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 175347 | Construction of Nalanda Parisar Near KosaNallah NH-53, Municipal Corporation Bhilai. | 1101.63 Lakh |

The Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in 12.09.2025, 18:00 Hours. (IST) on wards.& Last date for Online Bid Submission 03.10.2025 at 18:00 Hours.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Chief Engineer
Urban Administration & Development Nava Raipur

G.- 252603488/3

**संचालनालय, महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़ इन्द्रावती. भवन, ब्लाक-1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर**
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax)
email: dirwcd.cg@nic.in

क्रमांक/10822 / मबाविं/मसमि/2025-26 नवा रायपुर, दिनांक 12/09/2025

**सूचना**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन शक्ति अंतर्गत राज्य स्तर पर संचालित महिला हेल्पलाईन 181 के राज्य के रिक्त पदों पर कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में इस कार्यालय के विज्ञापन क्रमांक / 11300/मबावि/2024-25 नया रायपुर, दिनांक 12 .12 .2024 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें आईटी सुपरवाईजर - 01 पद एवं कॉल आपरेटर - 12 पदों हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र/अपात्र सूची तैयार किया गया है।

उक्त तैयार पात्र/अपात्र सूची पर आवेदकों से दिनांक 19/09/2025 समय सायंकाल 05 :00 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है। दावा आपत्ति केवल आवेदन पत्र के समय प्रस्तुत दस्तावेज के मूल्यांकन पर आधारित होना चाहिए। दावा आपत्ति में पृथक से कोई दस्तावेज स्वीकार नही किया जावेगा। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

इस संबंध में पात्र/अपात्र की सूची महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल www .cgwcd .gov .in पर देखा जा सकता है।

(सी.एस. लाल)
संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग)

जी. 252603506/2

**कार्यालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**

"प्रारुप-ख"
{नियम-5 का उपनियम (1)}
**अधिसूचना**

राजस्व प्रकरण क्रमांक- 202508042100031/बी-121/2024-25 राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि ग्राम साराडीह, पहनं . 34, तह . डभरा, जिला सक्ति (छ .ग) से जल परिवहन हेतु ग्राम लारा, पहनं. 40 एनटीपीसी, तहसील- पुसौर, जिला रायगढ़ तक मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड ग्राम लारा द्वारा भूमिगत पाईप लाईन बिछाई जानी है।

और राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाईप लाईन बिछाने के लिये यह आवश्यक प्रतीत होता है कि ग्राम-रनभांठा प.ह.नं 24 तहसील पुसौर जिला रायगढ़ की भूमि का जिसमें भूमिगत पाईप लाईन बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, राज्य सरकार एतद्वारा छत्तीसगढ़ भूमिगत पाईप लाईन (भूमि के उपयोग के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम 2004 (क्रमांक 07 सन 2004) की धारा 3 उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उस भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

अनुसूची

| खसरा नं. | अर्जित रकबा (हे. में) | खसरा नं. | अर्जित रकबा (हे. में) |
|---|---|---|---|
| 67/1 | 0.016 | 62 | 0.016 |
| 67/2 | 0.016 | 69 | 0.089 |
| 67/3 | 0.016 | 59 | 0.04 |
| 67/4 | 0.016 | 65/1 | 0.04 |
| 68/1 | 0.065 | 65/4 | 0.04 |
| 68/2 | 0.061 | 63 | 0.036 |
| 66 | 0.045 | 64 | 0.053 |
| 60 | 0.048 | 53 | 0.345 |
| 61 | 0.064 | 17 | 1.006 |

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के, इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाईप लाईन बिछाये जाने के संबंध में, सक्षम प्राधिकारी, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़, छत्तीसगढ़ को लिखित रूप से आक्षेप भेज सकेगा।

(महेश शर्मा)
सक्षम प्राधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 252603507/2

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### वक्फ कानून...

दिया कि कुल 20 में से चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए, और राज्य वक्फ बोर्डों में 11 में से तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए।

आदेश में कहा गया है, संशोधित वक्फ अधिनियम की धारा 3 के खंड (आर) का वह भाग जिसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जो यह दर्शाता या प्रदर्शित करता है कि वह कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है, उस वक्त तक स्थगित रहेगा जब तक कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्धारित करने की प्रक्रिया के लिए नियम नहीं बनाए जाते कि व्यक्ति कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है या नहीं। शीर्ष अदालत ने उस प्रावधान पर भी रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि किसी संपत्ति को उस वक्त तक वक्फ संपत्ति नहीं माना जाए जब तक कि नामित अधिकारी अपनी रिपोर्ट नहीं सौंप देता। इसके अलावा, एक अन्य प्रावधान, जिसमें कहा गया है कि नामित अधिकारी द्वारा संपत्ति को सरकारी संपत्ति घोषित करने के मामले में, उसे राजस्व रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन करना होगा और राज्य सरकार को एक रिपोर्ट सौंपनी होगी।

### डीएमएफ की 70...

आता है(यद्यपि वह दूसरे राज्य में हो) तो संस्थान द्वारा खान से एकत्र राशि का प्रतिशत अनुपात में प्रभावित क्षेत्रों का हिस्सा ऐसे क्षेत्र में कार्यकलापों को शुरू करने के लिए अन्य संबंधित जिले के संस्थान में अंतरित किया जाएगा।

### शराब घोटाले में...

बघेल की एक रिमांड हासिल की थी। उसके बाद से चैतन्य न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। कोर्ट में चालान पेश किए जाने के बाद शराब घोटाला मामले में ईओडब्लू, एसीबी ने चैतन्य की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट में आवेदन पेश किया, जिसे बाद में वापस ले लिया। **ईओडब्लू ने इसलिए आवेदन लिया-** बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी के अनुसार शराब घोटाला सहित अन्य मामलों में चालान पेश होने के बाद परेशान करने के लिए गिरफ्तारी के लिए ईडी तथा ईओडब्लू कोर्ट में आवेदन पेश करती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए बचाव पक्ष के वकील ने हाईकोर्ट में पहले ही जमानत के लिए अर्जी दाखिल कर दी थी। हाईकोर्ट ने बचाव पक्ष के वकील को हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल करने के बजाय निचली अदालत में आवेदन पेश करने के लिए कहा। इस वजह से

### हाईकोर्ट में खारिज...

साथ ही एसीबी और ईओडब्ल्यू द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में लगाई गई याचिका खारिज कर दी गई है। शासन की ओर से कहा गया कि स्पेशल कोर्ट के बजाए सीधे हाईकोर्ट में याचिका लगाना उचित नहीं है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को निचली अदालत में आवेदन करने की छूट दी है। शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चैतन्य बघेल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी ठोस सबूतों और वित्तीय लेन-देन के आधार पर की गई है। एजेंसी ने दावा किया कि शराब घोटाले से जुड़े दस्तावेजों,बैंक लेन-देन और गवाहों के बयानों से साफ है कि बघेल ने अवैध कमाई को अपने व्यवसाय में लगाया। जबकि चैतन्य की ओर से ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को अवैधानिक और राजनीति से प्रेरित बताया गया। उल्लेखनीय है कि 18 जुलाई 2025 को चैतन्य बघेल को ईडी ने रायपुर से गिरफ्तार में लिया था।

### ट्रेलर से टकराई...

नियंत्रण खो दिया और बस सामने चल रहे ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। यात्रियों ने बताया कि सभी लोग पखांजुर से बस में सवार हुए थे और बस की बुकिंग भी यहीं से हुई थी। दुर्घटना के बाद से बस बुकिंग करने वाले व्यक्ति का नंबर बंद आ रहा है, जिससे यात्रियों के परिजनों को और भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुर्घटनाग्रस्त बस को अर्जुंदा निवासी वेद सोनकर ने दो महीने पहले ही खरीदा था।

### दुष्कर्म के मामले...

बताई। इसके साथ ही महिला ने एसडीओपी पर अश्लील वीडियो बनाने का भी आरोप लगाया था। ऐसे में आईजी दीपक झा के निर्देश पर पुलिस ने एसडीओपी के खिलाफ शून्य पर अपराध दर्ज कर रायपुर भेज दिया है जहां इस एफआईआर को नम्बर कर जांच और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्र.क्र. 293/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 पत्थलगांव, दिनांक-15/09/2025

**-: मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना:-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद पत्थलगांव क्षेत्रान्तर्गत अधोसंरचना मद आयोग मद अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रचलित भवन/सड़क एस.ओ.आर. दिनांक-01.01.2015/01.01.2025 से प्रभावशील दर पर फॉर्म 'अ' में मुहर बंद निविदा तीन लिफाफा निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 06/10/2025 कार्यालयीन समय तक
02. निविदा खोलने की तिथि - 07/10/2025 समय प्रात: 11:00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्ड क्रमांक- 14 में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सीसी रोड़ मरम्मत कार्य। | 2.45 | 2500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | वार्ड क्रमांक- 08 में आर.एस.एस. भवन से विजय अग्रवाल घर तक सीसी रोड़ मरम्मत कार्य। | 1.07 | 2000.00 | 300.00 | |
| 03 | वार्ड क्रमांक-14 में जशपुर रोड़ से प्रभु ऑटो गैरेज तक आर. सीसी. नाली निर्माण कार्य। | 1.73 | 2000.00 | 300.00 | |
| 04 | वार्ड क्रमांक-14 में प्रभु ऑटो गैरेज से जयराम तिवारी घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य। | 2.61 | 2600.00 | 750.00 | |

निविदा हेतु आवेदन पत्र सह दस्तावेज रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा। उपरोक्त कार्य की निविदा की समस्त शर्ते/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में संबंधित शाखा प्रभारी से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद् पत्थलगांव
जिला- जशपुर (छ.ग.)

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। अष्टविनायक हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा HMS ARSH-RAHAT अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है। आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

Since-2000 केश शिखा (हर्बल ट्रीटमेंट) मात्र 15 दिनों में
प्रोप्रायटरी - आयुर्वेदिक ऑईल
बालों का झड़ना रोकता है बाल काले, घने व मुलायम भी बनाता है
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No. - 9425296176

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर THE DIAGNOSTIC CARE

अहलूवालिया हॉस्पिटल 81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेशलिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेशलिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007 मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध.. 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल Vrinda Multispeciality Hospital
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर Lab Care DIAGNOSTICS लैब केयर डायग्नोस्टिक्स Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवाएं उपलब्ध है। 50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच

विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-घरेलू काम सब्जी काटने, झाड़ू पोछा करने बर्तन धोने एवं अन्य छोटे कार्य करने हेतु महिला की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 9बजे से शाम 6बजे तक सम्पर्क करें- 6268970045 (38703)

**आवश्यकता है**-रियल स्टेट ऑफिस में ऑफिस कार्य एवं मार्केटिंग हेतु 18 से 23वर्ष की लड़कियां चाहिए योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट वेतन 6000 से 12000 समय सुबह 10:30 से शाम 7:30 lunch included सम्पर्क- स्वप्निल बिल्ड रियल स्टेट 93028 22476, 7415558455 (38706)

**आवश्यकता है**-पेन्ट्स दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रंग महल पेन्ट्स रायपुर रोड जरहाभाठा बिलासपुर 98264 12398 (38705)

**आवश्यकता है**-सुबह 6बजे से शाम 6बजे तक तीन टाइम शाकाहारी नाश्ता, भोजन बनाने हेतु 12वीं पास लड़की या महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- रामा लाइफ सिटी सकरी 9893081826, 70671 24226 (38686)

**आवश्यकता है**- रियल स्टेट कंस्ट्रक्शन कम्पनी में (1) Civil Site Supervisor अनुभवी qualified candidates. (Experience 5yrs) अनुभवी साइट चलाने योग्य। (2) Civil Engineer (autocad experienced and structural knowledge) सम्पर्क करें- 97707 70000, 9827072000 (38614)

**आवश्यकता है**-OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट उम्र 18 से 28 आय 8500 से 18000, रहना खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 88188 77406, 9644433021 (38704)

**आवश्यकता है**-ऑपरेशन थियेटर में कार्य हेतु अनुभवी BAMS, BHMS, MBBS डॉक्टर एवं ओटी टेक्नीशियन और BSc नर्सिंग स्टाफ चाहिए सम्पर्क करें- शॉप नं.-2 अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (38688)

**आवश्यकता है**-विज्ञापन एजेन्सी में कार्य करने हेतु आफिस स्टाफ, सुपरवाइजर एवं लेबर कार्य फ्लैक्स माउंटिंग LED वर्क हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- C-15, ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा बिलासपुर 62645 50163, 7987948032 (38689)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है पेमेन्ट भरपूर मात्रा में। सम्पर्क करें- नैतिक ट्रेडर्स अजीत होटल के सामने तेलीपारा बिलासपुर 9827689999 (38694)

**आवश्यकता है**-श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड के गोडाउन में काम करने के लिए कंप्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। अनुभवी एवं पास में रहने वालों को प्राथमिकता। इंटरव्यू सुबह 10 से 12बजे तक वासु लॉजिस्टिक अंबिका ऑटो सेल्स एंड सर्विस कैंपस खरसिया रोड अंबिकापुर सम्पर्क करें- 7000681512, 7828901615 (277)

**आवश्यकता है**-(M/F) ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर, सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, हेल्पर (समय 10-8) सैलरी 8000 से 15000 पता- Farmers Pride Organic Store नेचर सिटी गेट से 200 मीटर सकरी रोड उसलापुर 9179294949 (38690)

**आवश्यकता है**-आफिस कार्य, मार्केटिंग हेतु कम्प्यूटर अनुभवी एक लड़का और बिलासपुर, आसपास के शहरों में ड्राइविंग हेतु 12वीं पास वेन्यू कार ड्राइवर चाहिए सम्पर्क करें- रामा लाइफ सिटी सकरी 9893081826, 70671 24226 (38687)

**आवश्यकता है**-घर के सारे काम के लिए एवं खाना बनाने वाली की आवश्यकता है (सुबह से शाम तक या रहकर भी) जानकार ही सम्पर्क करें- 9300901912 (38678)

**आवश्यकता है**-रेस्टोरेन्ट में कार्य करने के लिए साउथ इंडियन कुक, इंडियन कुक एवं वेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7987766988, 93402 29293 (38684)

**आवश्यकता है**-कवर्धा पेट्रोल पम्प में मैनेजर पद हेतु एक जिम्मेदार व्यक्ति चाहिए। वेतन 12000 रहने, खाने की सुविधा निशुल्क परिवार भी ले जा सकते हैं। नियुक्ति तत्काल होगी सम्पर्क करें- 99773 76056 (38695)

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में होलसेल रिटेल में कार्य हेतु लड़कों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, माल लाने लेजाने, ऑर्डर लेने और ड्राइवर (जो ऑटो गेयर वैगनआर गाड़ी चला सके) सम्पर्क करे 7869797088 8770939973 (38696)

**आवश्यकता है**-श्री गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक्स रेलवे मार्केट बुधवारी बाजार बिलासपुर में दुकान में काम करने के लिए लड़की एवं लड़के की आवश्यकता है वेतन 5000 से 7000 महिना सम्पर्क करें- 8827409000 (38692)

**आवश्यकता है**-स्पा में टेलीकालिंग हेतु टेलीकॉलर एवं स्पा मैनेजर लड़का, लडड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सनराइज स्पा व्यापार विहार बिलासपुर 78791 62919 (38675)

**आवश्यकता है**-NSN कंपनी में लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है रहना खाना फ्री, सैलरी 10000 से 15000 सम्पर्क करें- भिलाई-3, सिरसा गेट चौक सुमीत बाजार के सामने, भिलाई 9827622050, रायपुर 9993929100 (276)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों की योग्यता 10वी, 12वीं, ग्रेजुएट उम्र 18 से 30 समय 10 से 5:30 वेतन 5000 से 20000 योग्यतानुसार सम्पर्क करें- नियर मैग्नेटो मॉल साईं मंदिर बिलासपुर 88175 71731 (273)

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 8335914373 (1137)

**आवश्यकता है**-मार्केटिंग कार्य हेतु सेल्स एग्जीक्यूटिव युवक/ युवती एवं कमर्शियल ऑटो चालक की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन+ कमीशन सम्पर्क करें- ॐसाईं डेकोरेटर्स पूजा पैराडाइज, साइंस कॉलेज रोड 9827986314 (275)

**आवश्यकता है**-रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य का सुनहरा अवसर टेलीकॉलिंग हेतु लड़की, मार्केटिंग हेतु लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन मोपका चौक AGFG चर्च के पास बिलासपुर 79872 36607, 7898744079 (38661)

**आवश्यकता है**-Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुल टाईम SMS जॉब करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए 15000 से 45000 महिना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Call/ Whats App/ SMS करें- 8420549466 (1159)

**आवश्यकता है**-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी 27500 से 56500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा- 7054311719 (1152)

## सर्विसेस

**सर्विसेस**-गारण्टी के साथ मोटापा घटायें या बढ़ायें सम्पर्क करें- राजकुमार सर 09827837045, निशु मेम 09827250697 (38697)

## बेचना

**बेचना है**- रेल्वे क्षेत्र हेमू नगर बिलासपुर 2BHK फ्लैट बेचना है साईं मंदिर के पास पाम हाईट्स के तृतीय फ्लोर पर प्राइवेट पार्किंग, लिफ्ट, फायनेंस भी उपलब्ध 27,00,000 में सम्पर्क- 9300000194, 9300000195 (38650)

**बेचना है**-(1) सेकेन्ड हेण्ड सेंट्रिंग का सामान बेचना है (2) डक्टिंग का बड़ा पंखा बेचना है सम्पर्क करें-9301637364 (38699)

**बेचना है**-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

**बेचना है**-कमर्शियल प्लॉट 30×118 दो साइड रोड बिलासपुर सीपत रोड राज किशोर नगर चौक के आगे बिफोर स्वर्णा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स अर्जेन्ट बेचना है सम्पर्क करें- 7987581185, 7898748446 (38680)

**बेचना है**-महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22x45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में एवं डबल रोड का आवासीय प्लॉट भी बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें-6265041277, 9329940681 (270)

**बेचना है**-पूर्ण विकसित T&C एवं 80 परिवारों वाली कालोनी आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो मकान बेचने हैं। 2BHK 45लाख एवं 3BHK 80लाख में। सम्पर्क करें- 9300989627 (38693)

## किराया

**किराया**-गोदाम किराये से देना है बिलासपुर रतनपुर रोड में ग्राम गतौरी स्थित 3 गोदाम सर्व सुविधा युक्त, बाऊन्ड्री वॉल, चौकीदार, मेन गेट है। सम्पर्क करें- 9373695934 96179 69000 (38681)

**किराया**-मंगला शुभम विहार लाफागढ़ गैस गोदाम के पास 2BHK सर्वसुविधा युक्त मकान तीन तरफ गैलरी, गैरेज सहित किराए पर देना है किराया 7000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- सोनीजी 9630369633 बिलासपुर (38698)

**किराया**-पारिजात शिला कालोनी में आरबी हॉस्पिटल के पास रिंग रोड नं-2, बिलासपुर में नवनिर्मित 2BHK एवं 1BHK स्वतंत्र मकान छोटे परिवार को किराए से देना है सम्पर्क करें- 8368756841, 8827122622 (38676)

**किराया**-मंगला चौक से 800 मीटर पर केवल लड़कियों हेतु रुम किराये पर देना है फ्री WiFi, इन्वर्टर, सीसी टीवी कैमरे की सुविधा। सम्पर्क करें- जेपी विहार मंगला बिलासपुर 8319692215, 7415884350 (38674)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:-बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# बांग्लादेश का अफगानिस्तान के खिलाफ करो या मरो वाला मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶ अबुधाबी

बल्लेबाजों के खराब फॉर्म से जूझ रहे बांग्लादेश को मंगलवार को एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी के करो या मरो वाले मुकाबले में स्पिन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। लिटन दास की अगुवाई वाली टीम ने हांगकांग पर शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन श्रीलंका से करारी हार के साथ उसकी लय टूट गई, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गया। अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर आगे है। श्रीलंका (2.595) ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, इसलिए बांग्लादेश (-0.650) को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए अपना अंतिम मैच हर हाल में जीतना होगा।

### अफगानिस्तान की टीम आत्मविश्वास से भरी

अफगानिस्तान ने इस टूर्नामेंट से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। उसके पास उपयोगी बल्लेबाज हैं और उसका गेंदबाजी आक्रमण किसी भी टीम के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता रखता है। ऐसे में बांग्लादेश के लिए उससे पार पाना आसान नहीं होगा।

### एशिया कप : बांग्लादेश को करना पड़ेगा अफगानिस्तान के स्पिनरों की चुनौती का सामना



### श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश का शीर्ष क्रम विफल

बांग्लादेश की सबसे बड़ी चिंता उसकी बल्लेबाजी है। श्रीलंका के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम बुरी तरह विफल रहा, जिसके बाद जैकर अली और शमीम हुसैन ने छठे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। एक बार फिर सभी की निगाहें कप्तान लिटन दास पर होंगी, जिन्होंने हांगकांग के खिलाफ अर्धशतक जड़ा था।अब उनका सामना अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान, अनुभवी मोहम्मद नबी, बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद और एएम गजनफर के मजबूत स्पिन आक्रमण से होगा, जो यहां की परिस्थितियों को देखते हुए किसी भी टीम के लिए सबसे अच्छा संयोजन होगा।

### संभावित टीमें

**बांग्लादेश:** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदयोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।
**अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारुकी।

## खबर संक्षेप



### स्पष्ट होती है अक्षर की रणनीति : सूर्यकुमार

**दुबई।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद हरफनमौला अक्षर पटेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बाएं हाथ के इस स्पिनर की बाएं हाथ के बल्लेबाजों से निपटने के लिए अभ्यास के दौरान किए गए अतिरिक्त प्रयास और बल्लेबाजी के प्रति उनकी स्पष्टता की भी सराहना की। अक्षर ने कुलदीप यादव (18 रन देकर तीन विकेट) के साथ मिलकर भारत को सात विकेट से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिए, जिनमें खतरनाक फखर जमां का विकेट भी शामिल है, जिनका बाएं हाथ के स्पिनरों के खिलाफ अच्छा रिकॉर्ड रहा है। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि वह (अक्षर) काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वह काफी लंबे समय से भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसलिए वह अपना काम अच्छी तरह जानते हैं। उनकी रणनीति पूरी तरह से स्पष्ट होती है।'

### सिमंस बैंक ओपनः शीर्ष 20 में रेहान थॉमस



**फ्रेंक्लिन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस सिमंस बैंक ओपन में अच्छे प्रदर्शन के साथ संयुक्त 20वें स्थान पर रहे। दुबई में पले बढे 24 वर्ष के रेहान ने 11 अंडर पार स्कोर किया । इस प्रदर्शन से उन्हें 17000 से अधिक अमेरिकी डॉलर और महत्वपूर्ण अंक मिले।  जाक बाउचोउ ने 23 अंडर पार 257 के स्कोर के साथ खिताब जीता।

### 9 दिसंबर से एफआईएच प्रो लीग का नया सत्र




**लुसाने।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग का 2025- 26 सत्र 9 दिसंबर से अर्जेंटीना और आयरलैंड में शुरू होगा, जिसमें दस मेजबान देशों में रिकॉर्ड 144 मैच खेले जाएंगे। लीग के सातवें सत्र में दो नई टीमें आयरलैंड महिला टीम और पाकिस्तान पुरुष टीम होगी जिन्हें एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2024 . 25 से प्रमोट किया गया है। पुरुष और महिला लीग की विजेता टीम सीधे 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। सत्र के पहले मैच में जर्मनी का सामना बेल्जियम पुरुष टीम से आयरलैंड में होगा जबकि पुरुष वर्ग की चैंपियन नीदरलैंड टीम पदार्पण करने वाली पाकिस्तानी टीम से खेलेगी।

### विश्वकप जीत सकती है भारतीय टीम : सुलक्षणा

**मुंबई।** भारत की पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सुलक्षणा नाइक ने कहा कि भारतीय महिला टीम घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने में सक्षम है, बशर्ते वह दबाव से निपट सके। भारतीय महिला टीम अभी तक



वनडे विश्व कप नहीं जीत पाई है तथा वह 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट में ट्रॉफी का यह इंतजार खत्म करने की कोशिश करेगी। भारत के लिए दो टेस्ट, 46 वनडे और 31 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली नाइक ने कहा, 'यह टीम विश्व कप जीतने में पूरी तरह सक्षम है। मैं केवल दबाव को लेकर चिंतित हूं। उन्हें दबाव नहीं लेना चाहिए।' नाइक ने कहा, 'भारतीय महिला टीम को इसकी आदत डालनी चाहिए। भारतीय पुरुष टीम इसकी आदी हो चुकी है। उन्हें इसकी परवाह नहीं है।

## सारांश प्लेयर ऑफ द सीरीज और यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने

# सेंट्रल जोन ने जीता दलीप ट्रॉफी का खिताब पाटीदार ने 10 साल बाद टीम को बनाया विजेता

### सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराकर दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया। रजत पाटीदार और उनकी टीम को बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए मुकाबले के पांचवें दिन दो घंटे से भी कम समय में मैच अपने नाम कर लिया। सेंट्रल जोन ने पहले दिन से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और साउथ जोन को पहली पारी में महज 149 रनों पर ढेर कर दिया। सारांश जैन को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। जबकि यश राठौड़ प्लेयर ऑफ द मैच बने। साउथ जोन को हराकर 11 साल के अंतराल के बाद दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बनने का गौरव सेंट्रल जोन ने हासिल किया।




### सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता

सेंट्रल जोन के सामने 65 रन का मामूली लक्ष्य था लेकिन साउथ जोन के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था और ऐसे में सेंट्रल जोन को उसे हासिल करने में बहुत ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अक्षय वाडकर (नाबाद 19 रन, 52 गेंद) और पहली पारी के शतकवीर यश राठौड़ (नाबाद 13 रन, 16 गेंद) तब क्रीज पर थे, जब मध्य क्षेत्र ने 20.3 ओवर में चार विकेट पर 66 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और दलीप ट्रॉफी में अपना सातवां खिताब जीता।

### साउथ जोन के बॉलरों का रहा बोलबाला

बाएं हाथ के स्पिनर अंकित शर्मा ने दानिश मालेवार (05) को आउट किया। उनकी गेंद तेजी से घूमी और बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन के पास पहुंची। बाद में उन्होंने सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार का विकेट भी लिया, जो जल्दबाजी में स्लॉग स्वीप खेलने के चक्कर में मिड-ऑन पर एमडी निधिश के हाथों कैच आउट हो गए। भारत ए टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने शुभम शर्मा और सारांश जैन (जिन्हें बाद में सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया) के विकेट चटकाए। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राठौड़ और वाडकर ने इसके बाद सेंट्रल जोन को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### पाटीदार का कप्तान के रूप में वर्ष का दूसरा खिताब

पाटीदार का कप्तान के रूप में यह इस वर्ष का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत दिलाई थी और वह इससे काफी खुश हैं। उन्होंने मैच के बाद रजत ने कहा कि, हर कप्तान को ट्रॉफी जीतना पसंद होता है। हमारे खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त जज्बा दिखाया और मैं इससे बहुत खुश हूं।

## क्रिकेट

# सिराज के सिर सजा आईसीसी का अवॉर्ड, चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के लिए अगस्त महीने का आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

आयरलैंड की महिला खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगैस्ट को भी सिराज के साथ महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने यह मैच छह रन से जीत कर श्रृंखला बराबर कराई।

### रैंकिंग में भी हुआ फायदा

ओवल टेस्ट में मोहम्मद सिराज ने दोनों पारियों में कुल मिलाकर 46.3 ओवर गेंदबाजी की थी। बताते चलें कि सिराज एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज रहे, जो इंग्लैंड टूर पर सभी 5 टेस्ट मैचों में खेले थे। इस पूरी सीरीज में उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी की, जो सबसे ज्यादा रही। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 23 विकेट लेने के बाद सिराज को रैंकिंग में भी फायदा हुआ था। इस कमाल के प्रदर्शन के बाद वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर आ गए थे। दुनिया में नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

### मेरे लिए विशेष सम्मान की बात : सिराज

भारतीय तेज गेंदबाज सिराज ने कहा, 'आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना मेरे लिए विशेष सम्मान की बात है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी एक यादगार श्रृंखला थी और यह उन सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक थी, जिनका मैं हिस्सा रहा हूं।' सिराज ने कहा,'मुझे गर्व है कि मैं कुछ महत्वपूर्ण स्पैल में योगदान दे सका, खासकर निर्णायक क्षणों में। शीर्ष बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।' सिराज ने ये खास सम्मान मिलने पर खुशी जताई और कहा कि उनके टीम मेंबर्स भी इस अवॉर्ड के उतने ही हकदार हैं जितने वो खुद हैं।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# फाइनल की दौड़ से बाहर श्रीशंकर और पारुल



एजेंसी ▶▶ टोकियो

भारत के लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सके और 14वें स्थान पर रहे।

तीसरी बार विश्व चैम्पियनशिप खेल रहे श्रीशंकर ग्रुप ए क्वालीफिकेशन दौर में तीन प्रयासों में सर्वश्रेष्ठ कूद 7.78 मीटर की ही लगा सके, जो पिछले तीन साल से अधिक समय में उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। वह 37 प्रतियोगियों में 25वें स्थान पर रहे। स्वतः क्वालीफिकेशन का 8.15 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगियों ने फाइनल में जगह बनाई। श्रीशंकर अमेरिका के यूजीन में 2022 में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सातवें स्थान पर रहे थे।

घुटने की चोट और सर्जरी के कारण वह पेरिस ओलंपिक समेत 2024 में अधिकांश टूर्नामेंटों से बाहर रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 8.41 मीटर है, जो उन्होंने 2023 में किया था।

### पारुल और अंकिता स्टीपलसचेस में नौवे ओर 11वें स्थान पर




राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी महिलाओं की स्टीपलसचेस स्पर्धा में अपनी हीट में क्रमशः नौवे ओर 11वें स्थान पर रही। पारुल कुल 20वें और अंकिता 35वें स्थान पर रही। पारुल ने नौ मिनट 22.24 सेकंड का समय लिया जबकि उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 12.46 सेकंड का है। वह बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचकर दसवें स्थान पर रही थीं। अंकिता को चैंपियनशिप में दूसरे देशों के कुछ एथलीटों के ऐन मौके पर नाम वापिस लेने के बाद जगह मिली थी। उसने दस मिनट 03.22 सेकंड का समय लिया । पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस शिरसे आठ खिलाड़ियों की हीट में छठे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके।

# एशिया कपः यूएई का खुला खाता ओमान का सफर समाप्त

**अबू धाबी।** मेजबान यूएई का एशिया कप में खाता खुल गया है। शेख जायद स्टेडियम पर यूएई का मुकाबला ओमान से था। इस मैच को यूएई ने 42 रनों से अपने नाम किया। कप्तान मोहम्मद वसीम और सलामी बल्लेबाज अलीशान शराफू के अर्धशतक की मदद से यूएई की टीम पांच विकेट पर 172 रन तक पहुंच गई। ओमान के विकेट गिरने का सिलसिला पहले ही ओवर में शुरू हो गया। 19वें ओवर में टीम की पारी 131 रनों पर सिमट गई। इस हार के साथ ही ओमान का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है।

कप्तान मुहम्मद वसीम ने 54 गेंद में 69 रन बनाए और वह आखिरी ओवर में आउट हुए। वहीं शराफू ने 38 गेंद में 51 रन की पारी खेली। ओमान के लिए बाएं हाथ के



मध्यम तेज गेंदबाज जितेन रामानंदी ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए। शराफू ने दूसरे ही ओवर में शाह फैसल को आफ साइड में चौका लगाया। दूसरे छोर से हालांकि शकील अहमद ने किफायती गेंदबाजी की। शराफू ने फिर फैसल को मिडऑन के ऊपर से शॉट लगाया जबकि बाहर जाती गेंद पर एक और चौका जड़ा। टी-20 इंटरनेशनल में गेंदों के हिसाब से सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अब मुहम्मद वसीम का नाम है।

# भारतीय टीम के हाथ न मिलाने से बौखलाया पाक

### पाकिस्तान ने आईसीसी से की मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2025 के मुकाबले में हाथ न मिलाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस मसले पर अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की शरण में पहुंच गया।

पाकिस्तान की तरफ से मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट की शिकायत की गई है। पीसीबी ने आरोप लगाया कि मैच रेफरी ने आईसीसी की आचार संहिता तोड़ी है। उन्हें एशिया कप के बाकी मैचों से हटा दिया जाए। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस के समय भी हाथ नहीं मिलाया और मैच समाप्ति के बाद भी ऐसा कुछ ही हुआ। इसके बाद नाराज होकर पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा पोस्ट मैच प्रजेंटेशन से दूर रहे।



### कौन है एंडी पायक्रॉफ्ट

पायक्रॉफ्ट जिम्बाब्वे के क्रिकेटर रहे हैं। उन्होंने 1983 से 1992 के बीच तीन टेस्ट और 20 वनडे मुकाबले खेले। बाद में वे जिम्बाब्वे ए टीम के कोच भी बने। 2009 में वह आईसीसी मैच रेफरी एलिट पैनल का हिस्सा बन गए थे।

### पाकिस्तानी टीम मैनेजमेंट ने दर्ज कराया विरोध

पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी जो संयोग से एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन भी हैं उन्होंने पायक्राफ्ट की शिकायत की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, पीसीबी ने आईसीसी के सामने मैच रेफरी की शिकायत की है, जिन्होंने आईसीसी आचार संहिता और खेल भावना को लेकर एमसीसी के नियम तोड़े। पीसीबी की मांग है कि एशिया कप से मैच रेफरी को फौरन हटा दिया जाए। इससे पहले पीसीबी की तरफ से एक बयान जारी किया गया था, जिसमें कहा था कि उनकी तरफ से मैच रेफरी को लेकर आधिकारिक शिकायत की गई है। पाकिस्तानी टीम के मैनेजर नावीद अकरम चीमा ने यह शिकायत की।

## आज से शुरू हो रहा चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# लय कायम रखने उतरेंगे लक्ष्य और सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶ शेनजेन (चीन)

हांगकांग ओपन के फाइनल तक पहुंचे लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में यह लय कायम रखने उतरेंगे। पिछले दो साल में पहले बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य का सामना यहां पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा।

अलमोड़ा के 24 वर्ष के लक्ष्य पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद से कई टूर्नामेंटों में जल्दी बाहर होते आए हैं। उन्होंने हांगकांग ओपन में यह सिलसिला तोड़ा। उन्होंने कहा ,' मुझे अधिक आत्मविश्वास रखना होगा। पहले ही दिन से प्रक्रिया पर अडिग रहना होगा।'





### मलेशिया से पहले दौर में भारतीय जोड़ी का मुकाबला

आठवीं वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग इस सत्र में छह बार सेमीफाइनल में पहुंचे, विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य जीता और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे। एशियाई खेल चैंपियन जोड़ी हालांकि इस सत्र में खिताब नहीं जीत सकी है। उनका सामना पहले दौर में मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। पिछले 16 महीने में यह उनका पहला फाइनल था। सात्विक ने कहा,' हम जिस तरह से खेल रहे हैं, हम जीत सकते हैं ।

### डेनमार्क की जूली से सिंधू की टक्कर

पिछले सप्ताह जापान के कोडाइ नराओका को हराने वाले आयुष शेट्टी का सामना चीनी ताइपै के छठी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू की टक्कर डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन से होगी। तीस वर्ष की सिंधू विश्व चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी लेकिन लाइन क्रिस्टोफरसेन से हार गई। महिला युगल में श्वेतापर्णा और रितुपर्णा पांडा की टक्कर मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन तिंग से होगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और शिवानी गाड्डे का सामना जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगा जबकि ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की टक्कर चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से होगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com